जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 43 संख्याः 331 प्रभात बीकानेर, सोमवार 27 जून, 2022 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 8 मूल्य 1.20 रू.

समुद्र की गहराइयों में इतना अंधेरा होता है कि परभक्षी जीव भोजन तक नहीं ढूंढ पाते। कुछ जानवर, जैसे टूथ्ड व्हेल शिकार को ढूंढने के लिए एकोलोकेशन का प्रयोग करते हैं, तो कुछ अपने शिकार को रिझाकर पास बुलाते हैं। लेकिन सील भोजन की तलाश में 5000 फीट की गहराई तक चली जाती हैं और उपरोक्त कोई भी तरीका इस्तेमाल नहीं करतीं। शोधकर्ता काफी समय से सोच रहे थे कि पानी में विभिन्न जानवरों की गतिविधियों का पता लगाने के लिए सील अपने "विस्कर्स" (मूँछों) का इस्तेमाल करती हैं, जैसे चूहे करते हैं। इस बात की पुष्टी के लिए वैज्ञानिकों ने एलिफैंट सील्स पर इन्फ्रारैड कैमरे लगाए और भोजन ढूंढते समय विस्कर्स की गतिविधि रिकॉर्ड की। टीम ने 9 घंटे के विडियो फुटेज लिए। उन्होंने देखा कि गहराई में शिकार करते समय सील अपने विस्कर्स को आगे पीछे घुमाती हैं लेकिन कम गहरे पानी में जब वे शिकार नहीं कर रही होती हैं तब उनके विस्कर्स स्थिर रहते हैं। मुख्य शोधकर्ता और युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैंटाक्रूज़ में मरीन इकॉलजिस्ट ताइकी अडाची ने कहा कि, प्राकृतिक स्थिति में जानवर सूचना पाने के लिए अपनी सभी ज्ञानेन्द्रियों का इस्तेमाल करते हैं, जैसे आंख, कान, विस्कर्स आदि। पर समुद्र की गहराई में, अंधेरे में जानवर सिर्फ खुद के प्रयासों से ही जानकारी जुटा सकते हैं। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नैशनल अकैडमी ऑफ साइन्सेज़ में प्रकाशित इस शोध में शोधकर्ताओं का निष्कर्ष है कि, विस्कर्स की लयबद्ध गतिविधि शिकार पकड़ने में अहम भूमिका निभाती है। युनिवर्सिटी ऑफ सेंट एंड्रूज़ की साशा केट हूकर, जो शोध में शामिल नहीं हैं, ने कहा, "यह बात समझ में आती है, गहराई में जाने वाले समुद्री स्तनपायी जीवों में एलिफैंट सील ही है जो स्पर्म व्हेल और बीक्ड व्हेल जितनी गहराई तक जाती है, कई बार तो उससे भी एक किलोमीटर आगे। पूर्व में हुई रिसर्च में देखा गया था कि कैप्टिविटी में जिन सील्स की आंखों पर पट्टी बांध दी गई थी उन्होंने विस्कर्स की मदद से शिकार किया। सील अपने विस्कर्स से 130 फीट दूर की हरकत भी भांप लेती हैं, ऑब्जैक्ट द्वारा हरकत करने के कुछ सैकेण्ड से भी कम समय में सील को हरकत का पता चल जाता है। किसी समुद्री स्तनपायी जीव में लयबद्ध विस्कर्स मूवमैंट पहले कभी भी नहीं देखा गया। शोधकर्ताओं का कहना है कि, इस शोध से, लम्बे समय से चले आ रहे इस रहस्य से पर्दा उठ गया है कि सील समुद्र की गहराई में घने अंधेरे में कैसे शिकार करती हैं।

शिवसेना के बागी एकनाथ शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होगी, इस याचिका में अजय चौधरी को शिवसेना विधायक दल का नेता चुने जाने को चुनौती दी गई है

मुंबई/नई दिल्ली, 26 जून। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है तथा उन्होंने घर लौटने के बाद केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला को शिंदे गुट के विधायकों की सुरक्षा के संबंध में पत्र लिखा है। उन्होंने अनुरोध किया है कि, स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों का पर्याप्त प्रावधान किया जाए और जरूरत पड़ने पर तैयार रखा जाए।

बागी शिवसेना विधायक एकनाथ शिंदे ने डिप्टी स्पीकर द्वारा महाराष्ट्र के बागी विधायकों के खिलाफ जारी अयोग्यता नोटिस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शिंदे की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। इस याचिका में शिंदे की जगह अजय चौधरी को सदन में शिवसेना के विधायक नेता के रूप में नियुक्त करने को भी चुनौती दी गई है।

इस बीच महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि, 20 मई को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे को फोन किया और उनसे मुख्यमंत्री बनने के लिए कहा। उस समय उन्होंने ड्रामा किया और रोने लगे। ठीक एक महीने बाद उन्होंने विद्रोह कर दिया। शिंदे गुट ने जो किया, वह विद्रोह नहीं है, यह अलगाववाद है। उन्होंने यह सब करने के लिए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तबीयत का अनुचित फायदा उठाया।

- **एकनाथ शिंदे ने अपनी याचिका में महाराष्ट्र में डिप्टी स्पीकर की नियुक्ति को भी चुनौती दी है।**
- **इस बीच महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की तबीयत में भी सुधार है तथा उन्होंने केन्द्रीय गृह सचिव को पत्र लिखकर गुवाहाटी में ठहरे शिवसेना के बागी विधायकों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने के लिए कहा है।**

उधर एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार ने कहा कि हमारी पार्टी का पूरा समर्थन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ है। मैं कल राष्ट्रपति चुनाव के लिए यशवंत सिन्हा के नामांकन के लिए दिल्ली आया हूं। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे और उनके साथ गुवाहाटी गए अन्य विधायकों ने एक नया गठबंधन बनाने के लिए कहा है, लेकिन एन.सी.पी. और कांग्रेस की नीति हमारे द्वारा बनाई गई गठबंधन सरकार का समर्थन करने के लिए स्पष्ट है। महाराष्ट्र में एम.वी.ए. सरकार है और हम इसका समर्थन जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे और अन्य विधायक सरकार में राकांपा के साथ थे। पिछले 2.5 वर्षों में उन्हें कोई समस्या नहीं हुई। आज ही क्यों हो रही है? यह सिर्फ एक बहाना है। हम अंतिम समय तक मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का समर्थन करेंगे।

गुवाहाटी में एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के बागी सभी विधायकों को आश्वासन दिया है कि सभी विधायक परिवारों को केंद्रीय सुरक्षा दी जाएगी। सुरक्षित मुंबई कैसे पहुंचे, अगले 2 दिनों में सरकार बनाने का दावा पेश करने और कानूनी पहलुओं पर भी हुई चर्चा। इस बीच महाराष्ट्र के भंडारा विधायक नरेंद्र भोंडेकर का जन्मदिन गुवाहाटी के रैडिसन ब्लू होटल में शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों की मौजूदगी में मनाया गया।

शिवसेना के वरिष्ठ वकील देवदत्त कामत ने बताया कि शिवसेना द्वारा 16 विधायकों के खिलाफ कार्यवाही शुरू की गई है, संविधान में प्रावधान के तहत जो कहता है कि यदि कोई व्यक्ति किसी पार्टी की सदस्यता छोड़ देता है तो वह अयोग्यता के लिए पात्र है। शिवसेना द्वारा अलग-अलग समय पर कई बैठकें बुलाई गईं, जिनमें से किसी ने भी भाग नहीं लिया। भाजपा शासित राज्यों का दौरा करना, भाजपा नेताओं से मिलना और सरकार गिराने का प्रयास करना विद्रोहियों द्वारा उल्लंघन के समान है।

उन्होंने कहा कि दो तिहाई की अवधारणा केवल विलय होने पर ही लागू होती है। जब तक विधायक

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

त्रिपुरा में कांग्रेस कार्यालयों पर हमला

अगरतला, 26 जून (वार्ता)। त्रिपुरा की चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम रविवार को घोषित किए गए, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बंपर जीत मिली। चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ घंटे बाद त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर हमला किया गया। कथित तौर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में तोड़फोड़ की, जिससे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिरजीत सिन्हा गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पुलिस ने यह जानकारी दी। सिन्हा के पेट में चोट लगी है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों के समर्थकों से राज्य में शांति बनाए रखने का आव्हान किया। उन्होंने पुलिस से कानून को ध्यान में रखते हुए स्थिति से सख्ती से निपटने के भी निर्देश दिए। कांग्रेस ने बाद में आरोप लगाया कि भाजपा समर्थित उपद्रवियों ने खोवाई जिले में भी उनके

- **उपचुनावों के नतीजे आने के बाद हुये हमलों और तोड़फोड़ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल हुये।**

कई कार्यालयों में तोड़फोड़ की है और कईयों को आग के हवाले कर दिया है। इसके अलावा, उनके घरों और दुकानों को भी निशाना बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में 23 जून को हुए उपचुनाव में भाजपा ने चार विधानसभा सीटों में से तीन पर जीत हासिल की, जबकि अगरतला निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस को जीत मिली है। इस बीच, पुलिस ने जानकारी दी कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं और भाजपा पार्षद शिल्पी सेन के बीच मतभेद की छोटी सी घटना हुई, जब वह आई.जी.एम. अस्पताल के पास मतगणना हॉल से लौट रही थीं। घटना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां कांग्रेस भवन पर हमला किया और तोड़फोड़ की।

सत्तारूढ़ भाजपा ने हालांकि, कांग्रेस पर अराजकता शुरू करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई और पार्टी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग की क्योंकि हिंसा उन्हीं की वजह से हुई।

सपा के किले आज़मगढ़ व रामपुर भरभराकर ढह गये

दोनों लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की

लखनऊ, 26 जून। उत्तर प्रदेश की दो लोकसभा सीटों पर हुये उपचुनाव के नतीजे रविवार को सामने आ गये लेकिन इन नतीजों ने सपा की टैंशन बढ़ा दी है, सपा के पुराने और मजबूत किले माने जाने वाले आजमगढ़ और रामपुर दोनों ही किले भरभराकर ढह गये हैं और इन दोनों ही सीटों पर भाजपा को कामयाबी हासिल हुई है।

उत्तर प्रदेश की रामपुर संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार घनश्याम लोधी ने 42,000 से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल की है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सपा नेता आजम खान के बेहद करीबी माने जाने वाले सपा उम्मीदवार मोहम्मद आसिम राजा को इस सीट से हार का सामना करना पड़ा है। रामपुर में हार को लेकर जब सपा नेता आजम खान से सवाल किया गया तो वह भड़क गए। आजम ने कहा कि ये चुनाव था ही कहां?

- **रामपुर सीट से भाजपा के घनश्याम लोधी ने 42 हजार वोटों से सपा नेता आज़म खान के बेहद करीबी मो. आसिम रजा को हराया।**
- **आज़मगढ़ सीट से सपा नेता धर्मेन्द्र यादव को हराकर दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने भी जीत दर्ज की।**

इसे ना आप चुनाव कह सकते हैं और ना ही चुनावी नतीजे कह सकते हैं।

वहीं आजमगढ़ सीट पर सपा के धर्मेंद्र यादव को हराकर भाजपा के दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने जीत हासिल की है।

इस मौके पर आजम खान ने कहा कि 900 वोट के पोलिंग स्टेशन पर केवल 6 वोट कैसे? उन्होंने कहा कि 2200 के पोलिंग वाले मुस्लिम मुहल्ले में केवल एक वोट कैसे? जब आजम खान से सपा की इस हार की वजह पूछी गई तो वे मीडिया पर ही उल्टा सवाल करने लगे। आजम ने कहा कि, जब आप ही को (मीडिया) कुछ नहीं दिख रहा तो हम तो पैदाइशी अंधे हैं, और अंधो ने चश्मा भी लगा रखा है। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को भी संदेश देते हुए कहा कि घृणा का जवाब घृणा से न दें।

रामपुर लोकसभा उपचुनाव के नतीजों के बाद संवाददाताओं से बातचीत में आजम खान ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा ने सरकारी

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'लोकसभा में आप एब्सैंट'

चंडीगढ़, 26 जून (वार्ता)। पंजाब के संगरूर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के सिमरजीत सिंह मान ने राज्य में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को गंभीर झटका देते हुए चुनाव जीत लिया। इस हार से आप पार्टी को बड़ा झटका लगा है अब लोकसभा में आप पार्टी का कोई भी प्रतिनिधि अथवा सांसद अब नहीं रह गया है।

- **पंजाब की संगरूर लोकसभा सीट हारने के बाद आप पार्टी का लोकसभा में कोई सांसद नहीं बचा है।**

रविवार को सामने आये चुनाव परिणाम में मान ने कुल 253154 वोटों से जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आप के गुरमैल सिंह को हराया। आप को कुल मतों का 34.79 फीसदी वोट हासिल हुए।

इस सीट पर 23 जून को उपचुनाव हुआ था। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस समेत सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों को हार का सामना करना पड़ा है। शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के सिमरनजीत सिंह मान

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

'पायलट और शेखावत मिले हुए थे'

शांति धारीवाल ने कहा कि, हमने खुद ऐसा होते देखा है, मुख्यमंत्री ठीक कह रहे हैं

कोटा, 26 जून (नि.सं.)। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल ने अपनी ही पार्टी के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के मिले हुए होने की बात को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वक्तव्य का समर्थन किया है।

धारीवाल ने कहा कि, मुख्यमंत्री गहलोत ठीक ही कहते हैं, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। मैं उनकी बात से सहमत हूं। हमने तो खुद यह देखा है। रविवार को प्रदेश के यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल कोटा दौरे पर आए थे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट पर हमला बोला है।

सी.एम. अशोक गहलोत की बात को दोहराते हुए धारीवाल ने दोनों को मिला हुआ बताया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री गहलोत ने ठीक कहा है। इसमें

- **शांति धारीवाल ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत को फोन टैपिंग के मामले में नोटिस दिये जाने का मुद्दा भी उठाया।**

कुछ भी गलत नहीं है। हमने खुद दोनों को मिला हुआ देखा है। वहीं दौसा सांसद जसकौर मीणा के राजस्थान में भी महाराष्ट्र जैसे हालात बनने के बयान पर धारीवाल ने कहा कि, भाजपा वाले पहले भी मुंह की खा चुके हैं फिर मुंह की खाएंगे। राज्यसभा के चुनाव में उन्होंने देख लिया है कि कांग्रेस को तो पूरे 126 वोट मिले हैं जबकि बीजेपी का ही एक वोट टूटा है। ज्ञात रहे कि, फोन टैपिंग प्रकरण पर गहलोत ने गजेंद्र सिंह शेखावत के लिए कहा था कि, कानून अपना काम कर रही है। वह काफी समय से बचते रहे। आखिर में कोर्ट की ओर से उन्हें नोटिस सर्व हो ही गया। इनको वॉइस सैंपल देने में तकलीफ क्या है? वे स्वीकार कर चुके हैं कि ये इनकी वॉइस है। लोकेश शर्मा के खिलाफ जो केस इन्होंने दर्ज करवाया है वह उलटा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात है। आप सरकार गिराने के प्रयास का मुख्य किरदार थे। सबको मालूम है कि आप एक्सपोज हो गए हैं। आपने खुद सरकार गिराने का षडयंत्र किया। अब आप सचिन पायलट का नाम ले रहे हैं। कह रहे हैं कि उन्होंने चूक कर दी। इसके बाद तो और प्रूफ हो गया। आपने खुद ठप्पा लगा दिया कि आप उनके साथ मिले हुए थे।

नाइट क्लब में 17 लोग मृत पाए गए

केप टाउन, 26 जून (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी लंदन शहर के एन्योबेनी टैवर्न में रहस्यमय परिस्थितियों में 17 लोग मृत पाए गए। मीडिया ने रविवार को यह रिपोर्ट दी है।

बी.बी.सी. को पुलिस प्रवक्ता ने न्यूज़रूम अफ्रीका टेलीविज़न चैनल के हवाले से बताया, घटना के आसपास की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

ब्रिगेडियर टेम्बिंकोसी किनाना ने

- **दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी लंदन शहर के एक क्लब में ऐसा मामला सामने आया है।**

कहा, हम इस तरह की कोई अटकलें नहीं लगाना चाहते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पीड़ितों के परिजन को शवों को देखने नहीं दिया जा रहा है।

बी.बी.सी. ने डेली डिस्पैच अखबार के प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया, समारोह स्थल पर शव फर्श पर पड़े हुए हैं। घटनास्थल पर पहुंचे पूर्वी केप पुलिस आयुक्त नोमथेलेली लिलियन मेने ने एस.ए.बी.सी. न्यूज को बताया कि ऐसा लगाता कि बार के अंदर भगदड़ हुई है।

ब्रिगेडियर किनाना के अनुसार अधिकांश शव 18 से 20 वर्ष के युवाओं के हैं।

राहुल गांधी ने धैर्य के मामले में पायलट का उदाहरण दिया, तो क्या मु.मंत्री असहज हो गए?

वैसे भी एक सवाल अनुत्तिरत है कि, गहलोत 4 दिन सक्रिय रहने के बाद राहुल गांधी के भाषण से पहले ही अचानक जयपुर क्यों लौट आए थे

जयपुर, 26 जून (का.प्र.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के बयान के बहाने राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को निशाने पर लेते हुए 2020 में हुई बगावत का जिम्मेदार ठहराया था और शेखावत के साथ मिलीभगत बताई थी। इस मामले के बाद सचिन पायलट या उनके कैंप की ओर से किसी तरह का जवाब नहीं आया था, लेकिन अगले ही दिन नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने आग में घी डालने का काम करते हुए अशोक गहलोत के बयान का समर्थन करते हुए कह दिया "हां, मुख्यमंत्री सही कह रहे हैं और इनकी मिलीभगत को हमने देखा है।"

इन दोनों बयानों के बाद अब तय हो गया कि आने वाले दिनों में राजस्थान कांग्रेस में भूचाल आना तय है और देखना यह भी है कि अब जिस शीतयुद्ध की शुरुआत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तरफ से हुई है उसका अंत किस तरह और किसकी ओर से होता है। वैसे राजनीतिक जानकारों का कहना है कि, राहुल गांधी की ओर से धैर्य के मामले में सचिन पायलट का नाम लिए जाने के बाद मुख्यमंत्री कहीं ना कहीं असहज जरूर हुए हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि आने वाले दिनों में पार्टी के अंदर

- **शांति धारीवाल ने आग में घी डाला और बोले "हां, मुख्यमंत्री सही कह रहे हैं और इनकी (शेखावत और पायलट) मिलीभगत को हमने देखा है।"**
- **मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले ही शेखावत के बयान के बहाने पायलट को निशाने पर लिया था।**
- **हालांकि, सचिन पायलट और उनका खेमा शांत बैठा है।**

सचिन पायलट को लेकर बड़ा फैसला होने वाला है, इसलिए भी हो सकता है कि मुख्यमंत्री ने इस तरह का बयान देकर सचिन पायलट के धैर्य की परीक्षा लेने के साथ ही आलाकमान को भी एक बार फिर चुनौती दी है।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच राजनीतिक रूप से ठन चुकी है और भले ही कांग्रेस आलाकमान कितने भी प्रयास करें, यह मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा। हालांकि सचिन पायलट की ओर से कभी भी इस तरह का कोई बयान जारी नहीं किया गया है जिससे कि टकराव बढ़े, लेकिन गाहे-बगाहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से लगातार 2020 की बगावत के मामले को लेकर बयानबाजी लगातार चलती रही है। हालांकि इससे पहले मुख्यमंत्री ने रगड़ाई और विधायकों की खरीद-फरोख्त में करोड़ों की लेन-देन की बातें तो की थी। इस बार तो उन्होंने सीधे ही सचिन पायलट का नाम लेकर उनकी गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ मिलीभगत का आरोप जड़ दिया।

इस आरोप के बाद सचिन पायलट खेमे की ओर से कोई जवाब आता, इससे पहले ही रविवार को कोटा में नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने आग में घी डालने का काम किया और कहा कि "हां, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सही कह रहे हैं, इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हमने खुद दोनों को मिला हुआ देखा है। दोनों नेताओं के बयान के बाद अब पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट 27 जून को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से अग्निपथ योजना के खिलाफ किए जा रहे विधानसभा वार धरने-प्रदर्शनों के सिलसिले में टोंक आ रहे हैं, तो देखना

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

विचार बिन्दु

दोष निकालना सुगम है, उसे अच्छा करना कठिन। –प्लूटार्क

अपने डेटा को लेकर अधिक जागरुक और सतर्क होने की ज़रूरत

बहुचर्चित किताब **सेपियन्स** के लेखक, विश्व इतिहास के विशेषज्ञ और हिब्रू विश्वविद्यालय, यरूशलम के प्राध्यापक युवालनोआहरारी ने अपनी किताब **21वीं सदी के लिए 21 सबक** में एक बहुत महत्वपूर्ण बात लिखी है:– ''वर्तमान में लोग निःशुल्क ई मेल सेवाओं और हास्यास्पद कैट वीडियो के बदले अपनी सबसे मूल्यवान परिसंपत्ति –अपने निजी डेटा– सौंपा कर खुश होते हैं। यह कुछ–कुछ अफ्रीका और अमरीका के मूल निवासी कबीलों के जैसी स्थिति है, जिन्होंने अनजाने में रंगीन मनकों और सस्ते आभूषणों के बदले में अपने पूरे–के–पूरे मुल्कों को यूरोप के साम्राज्य वादियों के हाथों बेच दिया था।''

यह उद्धरण पढ़कर भी अगर आप न चौंके हों तो कृपया एक प्रयोग करके देखें। प्रयोग यह कि इण्टरनेट पर आप किसी चीज़ की खोज कीजिए। मान लीजिए, आप एक दीवार घड़ी की खोज करते हैं। या आप शिमला के बारे में कुछ जानकारी लेने का प्रयास करते हैं। आप पाएंगे कि आपकी इस खोज के तुरंत बाद आप पर चारों तरफ से दीवार घड़ी या शिमला के होटलों, रेस्तराओं आदि के बारे में विज्ञापनों की बौछार होने लग जाती है। अगर आपने अब तक इस बात पर ध्यान नहीं दिया हो तो मेहरबानी करके मेरा अनुरोध मानें और ऐसा करके देखें। इसके बाद सोचें कि जो हो रहा है वह आकस्मिक है या सुनियोजित! और सोचते हुए युवालनोआहरारी के उपर्युक्त उद्धरण को भी ध्यान में रखें।

इसके बाद मेरा एक और अनुरोध स्वीकार करें। ज़रा यह सोचें कि जहां हर चीज़ की कीमत बढ़ती जा रही है, कितना कुछ है जो आपको निःशुल्क मिल रहा है! आप तमाम सोशल मीडिया का आनंद मुफ़्त में लेते हैं। फ़ेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और ऐसी न जाने कितनी सेवाएं आपको बिना एक भी पैसा खर्च किए सुलभ हैं! और यही क्यों, आप जो ई मेल भेजते–पाते हैं, वह भी तो निःशुल्क है! आप इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए इण्टरनेट सेवाओं पर जो खर्चा करते हैं, उसे इन सेवाओं पर किया जाने वाला खर्च न मानें। वह अलग खर्चा है।

क्या हम कलयुग से निकल कर सतयुग में पहुंच गए हैं कि महादानी अपनी सारी सेवाएं हमें निःशुल्क उपलब्ध करा कर धन्य हो रहे हैं? या बात कुछ और है! यहीं ज़रा ठहर कर अंग्रेज़ी के उस बहु उद्धृत कथन को भी याद कर लीजिए जिसका काम चलाऊ हिंदी अनुवाद यह होगा कि दुनिया में मुफ्त लंच जैसी कोई चीज़ नहीं होती है। बात बहुत साफ़ है। जिन चीज़ों को हम मुफ़्त की समझ कर खुश होते हैं, असल में वे हमें मुफ़्त में नहीं दी जा रही हैं। उनके बदले में हमसे कुछ, बल्कि काफी कुछ वसूल किया जा रहा है, और इस बात से हममें से ज़्यादातर लोग अनजान हैं।

हक़ीक़त यह है कि इन तथाकथित मुफ़्त सेवाओं के बदले गूगल और फ़ेसबुक जैसी बड़ी कंपनियां, और उन जैसी अन्य अनेक कंपनियां हमारे पल–प्रतिपल के व्यवहार को ट्रैक करती हैं, हमारा डेटा संग्रहित करती हैं, उस डेटा को विभिन्न संस्थानों को बहुत बड़ी राशि लेकर बेचती हैं और वे संस्थान उस डेटा का न जाने कैसा–कैसा उपयोग करके हमें अपनी उंगलियों के इशारों पर नचाते हैं। उनके उपयोग का एक रूप तो यही टारगेटेड विज्ञापन हैं जिनका ज़िक्र मैंने अभी थोड़ी देर पहले दीवार घड़ी और शिमला के उदाहरण से किया था। हमारे व्यवहार को ट्रैक करके हमें वे विज्ञापन दिखाए गए जो हमारी ज़रूरतों से मेल खाते थे। यह तो बस, इस संग्रहित डेटा का एक छोटा–सा उपयोग है। हाल में किए गए एक अध्ययन से यह बात सामने आई है कि यूरोप में लोग इण्टरनेट पर क्या देखते हैं, इससे जुड़ा डेटा दिन भर में 376 बार और अमरीकी लोग क्या देखते हैं उससे जुड़ा डेटा दिन में 747 बार साझा किया जाता है। इस लेख के प्रारम्भ में मैंने युवालनोआहरारी का जो उद्धरण दिया है वह इसी बात की तरफ इशारा करता है।

> **''जैसे-जैसे डेटा आपके शरीर और मस्तिष्क के बायोमैट्रिक सेंसर के रास्ते प्रवाहित होकर बुद्धिमान मशीनों तक पहुंचते जाएंगे, वैसे-वैसे व्यापारिक प्रतिष्ठानों और सरकारी एजेंसियों के लिए आपको जानना, आपको मनमाने ढंग से परिचालित करना और आपकी ओर से फैसले लेना आसान होता जाएगा।''**

ज़रा यह भी जान लें कि आपका डेटा किस तरह आपसे पूछ कर प्राप्त किया जाता है। जब भी आप किसी नए एप को या किसी नई वेबसाइट को इस्तेमाल करना शुरू करते हैं, आपसे कुछ अनुमतियां ली जाती हैं और आप बेधड़क मैं सहमत हूं कहकर वे अनुमतियां दे देते हैं। मैं नहीं जानता कि हममें से कितने लोग हैं जो यह समझने के बाद कि हमसे किस बात की अनुमति ली जाती है, वह अनुमति देते हैं। बीबीसी की शोध टीम ने कुछ बहुत लोकप्रिय एप्स और वेबसाइट्स का अध्ययन करके बताया है कि आम तौर पर ये अनुमतियां तीन तरह की होती हैं:– पहली लोकेशन ट्रैकिंग, दूसरी सहयोगी कंपनियों को डेटा देना और तीसरी आपने डेटा को थर्ड पार्टीज़ के साथ साझा करना। यहीं यह भी जान लेना उपयोगी होगा कि अगर आपके मोबाइल में कोई एप, जैसे फ़ेसबुक, है और आपने उसमें लॉग इन नहीं कर रखा है, या यहां तक कि उसमें अपना अकाउण्ट ही नहीं बना रखा है तो भी फ़ेसबुक आपका फ़ोन ट्रैक कर सकता है। यह जानकारी स्वयं फ़ेसबुक ने अपनी डेटा पॉलिसी में दी है।

अब यहां दो बड़े मुद्दे सामने आते हैं। एक तो यह कि यह तकनीक हमारी निजता में, अलबत्ता हमारी अनुमति से, घुसपैठ करती है। दूसरा यह कि इस तरह घुसपैठ करके प्राप्त किए गए डेटा से बहुत लोगों की रोजी–रोटी चलती है। और तीसरा जो सबसे बड़ा मुद्दा है वह यह कि इस तरह प्राप्त किए गए डेटा से हमें नियंत्रित करने की सम्भावनाओं से मना नहीं किया जा सकता। इसी बात को लक्ष्य करके युवालनोआहरारी ने अपनी उक्त किताब में लिखा है कि ''जैसे जैसे डेटा आपके शरीर और मस्तिष्क के बायोमैट्रिक सेंसर के रास्ते प्रवाहित होकर बुद्धिमान मशीनों तक पहुंचते जाएंगे, वैसे–वैसे व्यापारिक प्रतिष्ठानों और सरकारी एजेंसियों के लिए आपको जानना, आपको मनमाने ढंग से परिचालित करना और आपकी ओर से फैसले लेना आसान होता जाएगा।''

इन सारी बातों से एक आधारभूत सवाल उपजता है। बकौल हरारी, ''मूल प्रश्न यह है: डेटा का स्वामित्व किसके हाथ में है? क्या मेरे डीएनए, मेरे मस्तिष्क और मेरे जीवन से संबंधित डेटा पर मालिकाना हक़ मेरा है, सरकार का है, किसी व्यापारिक निगम का है, या मानव–समूह का है?''

और शायद इसी प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास किया है कनाडा की एक ट्रैक कंपनी सर्फ़ ने। इस कम्पनी ने हाल में सर्फ़ नाम से ही एक ब्राउज़र एक्स्टेंशन लॉंच किया है। यह ब्राउज़र एक्स्टेंशन एक तरह से गूगल को चकमा देकर, उसे बाइ पास करके अपना काम करता है। सर्फ़ का वादा है कि आप अपने डेटा के ख़ुद मालिक हैं और आपको हक़ है कि आप उसे जिसे चाहे बेचें, या न बेचें। सर्फ हालांकि अभी अपने अस्तित्व के शुरुआती दौर में है और अभी यह अमरीका और कनाडा में बहुत सीमित रूप में ही उपलब्ध है, फिर भी इसका दावा है कि यह अपने उपयोग कर्ताओं को कुल मिलाकर 1.2 मिलियन डॉलर कमाने का मौका देगा। कंपनी का कहना है कि विभिन्न ब्राण्ड्स उसके उपयोग कर्ताओं का डेटा इस्तेमाल कर सकेंगे और इसके बदले में वे ब्राण्ड्स उन उपयोग कर्ताओं को धनराशि अदा करेंगे। यहां जो बात ग़ौर तलब है वह यह कि सर्फ़ अपने उपयोग कर्ताओं को यह विकल्प देता है कि वे अपना डेटा साझा करें या न करें, जबकि अभी अन्यत्र हमें यह सुविधा सुलभ नहीं है। सर्फ़ की यह पहल उस निरंतर बड़े होते जा रहे अभियान का हिस्सा है जिसे ज़िम्मेदार तकनीक के नाम से जाना जाता है। इस तकनीक का मकसद लोगों को उनके डेटा पर और ज़्यादा नियंत्रण प्रदान करना है। कनाडा की एक और स्टार्टअप कंपनी जिसका नाम बेवरली है वह भी ऐसा ही कर रही है। यह कंपनी लोगों को गूगल न्यूज़ और एपल न्यूज़ से हटकर अपना न्यूज़फ़ीड हासिल करने की सुविधा देती है। इसी तरह एक अमरीकी कंपनी अबाइन अपने दो एप्सब्लर और डिलीट के माध्यम से आपको आश्वस्ति देती है कि आपके पासवर्ड और भुगतान ब्यौरों को ट्रैक नहीं किया जाएगा तथा आप सर्च इंजन से अपने निजी डेटा को मिटा सकेंगे। इस कंपनी अबाइन के मालिक रॉबशैवेल का सोच यह है कि इण्टरनेट पर कुछ भी सर्फ करने में स्वतः प्राइवेसी सुनिश्चित होनी चाहिए।

हमारे डेटा की निजता और सुरक्षा के बारे में जैसे–जैसे जागरूकता बढ़ती जा रही है, इनसे मोटा लाभ कमाने वाली कंपनियां भी इस दिशा में अधिक ज़िम्मेदार होने का एहसास दिलाने लगी हैं। हाल में गूगल के एक प्रवक्ता का बयान सामने आया है जिसमें वे कहते हैं कि ''इस साल के अंत में, हम माईएडसेण्टर लॉंच करेंगे, जो हमारे प्राइवेसी कंट्रोल को बढ़ाएगा ताकि लोगों को जो विज्ञापन दिखाए जाते हैं, उन्हें वे लोग और ज़्यादा नियंत्रित कर सकें।''

जब तक सब कुछ आदर्श नहीं हो जाता, हमें अपने डेटा को लेकर और अधिक जागरूक और सतर्क होना होगा।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल
(शिक्षाविद और साहित्यकार)

(26 जून - शाहूजी महाराज जयंती विशेष)

सामाजिक लोकतंत्र के आधार स्तंभ थे छत्रपति शाहूजी महाराज

छत्रपती शाहूजी महाराज एक ऐसे मातृहृदयी राजा थे जिन्होंने मनुवादी व्यवस्था से पीड़ित पिछड़े समाज को अपनी संतान के रूप में स्वीकार किया था। उन्होंने पिछड़े समाज के दुःख–दर्द तथा जरूरतों को समझते हुए निवारण करने का बीड़ा उठाया था। इसलिए डा. बाबा साहब अम्बेडकर ने उन्हें सामाजिक लोकतंत्र का आधार स्तम्भ कहा था। बाबा साहब कहते थे कि शाहूजी महाराज का जन्मदिवस त्यौहार के रूप में मनाना चाहिए।



छत्रपति शाहूजी महाराज



पन्नालाल मेघवाल

बाबा साहब अम्बेडकर से उनके भावनात्मक सम्बन्ध थे। वे बाबा साहब के सबसे बड़े हितैषी और सहयोगी थे। उन्होंने बाबा साहब अम्बेडकर को पिछड़ों के लिए उनका अपना हितैषी नेता घोषित किया था।

छत्रपति शाहूजी महाराष्ट्र राज्य की कोल्हापुर रियासत के राजा थे। ये शूद्र कुर्मी जाति से थे। उन्होंने मूल निवासियों–शूद्रों एवं अतिशूद्रों के लिए शिक्षा के दरवाजे खोले थे, जिससे उन्हें मुक्ति की राह दिखाने में उनका बहुत बड़ा योगदान था।

छत्रपति शाहूजी महाराज का जन्म 26 जून 1874 को कोल्हापुर में हुआ था। उनके पिताजी का नाम श्रीमंत जयसिंह राव आबा साहब घाटगे तथा माताजी का नाम राधाबाई साहिबा था। छत्रपति शाहूजी के जन्म का नाम यशवंतराव था। आबा साहब यशवंतराव के दादा थे। चौथे शिवाजी का अंत होने के बाद शिवाजी महाराज की पत्नी महारानी आनंदीबाई साहिबा ने 1884 में यशवंत राव को गोद लिया था। इसके बाद यशवंतराव का नाम शाहू छत्रपति रखा गया। उन्हें कोल्हापुर रियासत का वारिस बनाया गया था।

छत्रपति शाहू महाराज की शिक्षा राजकोट स्थित राजकुमार महाविद्यालय में हुई। राजकोट की शिक्षा समाप्त करके शाहूजी को आगे की शिक्षा पाने के लिए 1890 से 1894 तक धारावाड़ में रखा गया। छत्रपति शाहू महाराज ने अंग्रेजी, इतिहास और राज्य कारोबार चलाने की शिक्षा ग्रहण की। अप्रैल, 1897 में राजा शाहू का विवाह खानविलकर की कन्या श्रीमंत लक्ष्मीबाई से संपन्न हुआ। विवाह के समय लक्ष्मीबाई की उम्र महज 11 वर्ष की थी।

जब छत्रपति शाहूजी महाराज की आयु 20 वर्ष थी तब उन्होंने कोल्हापुर रियासत के अधिकार ग्रहण करके सत्ता की बागड़ोर अपने हाथ मेली तथा शासन करने लगे। कहा जाता है कि जब 1894 में इनका राज्यभिषेक समारोह हुआ तो उनके शूद्र होने की वजह से हिन्दू धर्म के अनुसार ब्राह्मणों ने पैर के अँगूठे से उनका राजतिलक किया, इससे उन्हें अत्यधिक दुःख एवं पीड़ा हुई।

आमतौर पर सभी राजाओं की छवि जनता की आमदनी को कर के माध्यम से हड़पने एवं जबरन वसूली की थी, लेकिन छत्रपति शाहूजी ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने सबसे बड़ा काम राज व्यवस्था में परिवर्तन करके किया। उनका मानना था कि संस्थान की वृद्धि में उन्नति के लिए प्रशासन में हर जाति के लोगों की सहभागिता जरूरी है। उस समय उनके प्रशासन में ज्यादातर ब्राह्मण जाति के अधिकारी थे, बहुजन समाज के मात्र 11 अधिकारी थे। ब्राह्मणों ने एक चाल के तहत बहुजन समाज को शिक्षा से दूर रखा था, ताकि पढ़–लिखकर ये सरकार में शामिल न हो सकें। छत्रपति शाहूजी इस बात से चिंतित रहते थे। उन्होंने प्रशासन में ब्राह्मणों के इस एकाधिकार को समाप्त करने के लिए बहुजन समाज की भागीदारी के लिए आरक्षण कानून बनाया।

छत्रपति शाहूजी महाराज ने राजा बनते ही 28 साल की उम्र में 1902 में वंचितों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की। यह सामाजिक न्याय की दिशा में पहला बहुत बड़ा क़दम था कानून के अंतर्गत बहुजन समाज के लिए आरक्षण व्यवस्था लागू करना क्रांतिकारी पहल थी। जो देश में आरक्षण की यह पहली व्यवस्था थी। तब तक बहुजन समाज के लिए शिक्षा के दरवाजे बंद थे, उन्हें तिरस्कार की जिंदगी जीने के लिए मजबूर किया जाता था।

गंगाधर काम्बले जो कि अछूत जाति के थे, उनकी चाय की दुकान खुलवा कर स्वयं महाराज चाय पीने जाते थे ताकि जाति प्रथा और ऊंच–नीच को जड़ से मिटाया जा सके। इसलिए उन्हें सबसे बड़ा समाज सुधारक भी माना जाता है। उनका कहना था कि कल न मैं होंऊगा, न आप होंगे, न राजा होंगे, न रजवाड़े होंगे। मगर यह राष्ट्र हमेशा रहेगा और हमें इसको आगे बढ़ाने का काम करते रहना है। समाज में सबको सम्मान मिले, सभी शिक्षित होकर राष्ट्र के उत्थान में भागीदार बनें, तभी हमारा जीवन सफल माना जायेगा।

–पन्नालाल मेघवाल,
वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।

भयमुक्त, यौनातुर, बेशर्म विस्मृति–क्लूवर बूसी सिन्ड्रॉम

अत्यंत विचित्र और विलक्षण विस्मृति की स्थिति होती है क्लूवर–बूसी सिन्ड्रोम (Kluver-Bucy Syndrome) में।

एक व्यक्ति को मस्तिष्क का वायरल इनफेक्शन हुआ। हर्पीज वायरस से, जो नाक में ओल्फैक्टरी नर्व से मस्तिष्क में पहुँचा था। व्यक्ति इलाज से ठीक तो हो गया लेकिन उसके स्वभाव में अजीब परिवर्तन आ गया। स्वभाव से बड़ा सीधा हो गया। आचरण में अजीब परिवर्तन। हर चीज को मुँह में लेना, चखना और ऐसा बार–बार करना, उसी चीज को लेकर करना। अजीब खब्त। इससे भी बदतर भावशून्य अश्लील यौन आतुरता। शील–अश्लील का भाव खत्म। जाँच से उजागर हुआ कि ऐसा मस्तिष्क के टेम्पोरल लोब में संक्रमण जनित क्षति के कारण हुआ। मस्तिष्क के इस भाग की विशेष क्षति का कारण, नाक से आने वाली नर्व जिससे वायरस आये थे, यहीं पहुँचती है। मस्तिष्क की टी बी या अन्य कारणों से जिस रोगी में दोनों साइड के टेम्पोरल लोब में क्षति हुई, उनमें कमोबेश ऐसे ही स्वभाव व यौन आचरण सम्बन्धी लक्षण मिलते हैं। इसे क्लूवर बूसी सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है।

सन् 1930 में क्लूवर और बूसी नाम के दो डॉक्टरों ने बन्दरों में मस्तिष्क के टेम्पोरल लोब को शल्य क्रिया कर हटा दिया। इसके बाद बन्दरों के स्वभाव और व्यवहार में विलक्षण बदलाव देखा गया। मस्तिष्क के इस भाग में ऐमिग्डेलॉइड केन्द्रक (न्यूक्लियस), लिम्बिक सिस्टम का एक प्रमुख भाग, स्थित होता है। प्रयोग के तौर पर जब बन्दर में इसे क्षतिग्रस्त किया गया तो बन्दर भयमुक्त हो गया (साँप से डरा नहीं), क्रोध विहीन हो गया (कितना भी छेड़ने पर उद्वेलित नहीं हुआ) उसकी तात्कालिक स्मृति लुप्त हो गई (दी गई वस्तु को हाथ से उठाया,



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

देखा, मुँह मे रख चखा और बेस्वाद पाकर फेंक दी। लेकिन तुरन्त ही उसे फिर उठाया, देखा, चखा और फेंका और ऐसा बार–बार करता रहा।) नई अनुभूति की याद ही नहीं रहती, स्मृति नहीं बनती। (Antegrade amnesia) और वह कामान्ध होकर आक्रामक और असंयमित लेकिन सर्वथा भावशून्य यौन क्रिया के लिए प्रवृत्त हो गया।

मस्तिष्क के इस भाग के क्षति लक्षण थे –

1. विस्मृति – न नये अनुभवों की स्मृति बनी, न पुरानी स्मृति को बचाए रखने की क्षमता रही।

2. भय मुक्त, आक्रामकता खत्म, किसी बात से क्रोध नहीं आता (Docility)

3. हर चीज को मुँह में रखना, चख कर देखना (Hyperorality)

4. अत्यधिक कामोत्तेजना, कामातुरता, असंयमित व अस्वाभाविक काम प्रवृति, – नर, मादा, पशु या वस्तु के साथ – कामांधता (Hypersexuality) देखकर किसी चीज को पहचानने की क्षमता खत्म (Visual agnosia)

मनुष्य में भी जब ऐमिग्डेलॉइड केन्द्रक और उसके निकटस्थ भागों को नष्ट किया गया (आवश्यक शल्य क्रिया द्वारा) या वे स्वतः रोग से क्षतिग्रस्त हो नष्ट हुए तो वह भयमुक्त, क्रोधविहीन और आक्रामक यौनक्रिया प्रवृत और भावशून्य हो गया। उसकी तत्कालीन स्मृति लोप हो गयी। भय, क्रोध और यौन क्रिया नियन्त्रक केन्द्रक के नष्ट होने से क्लूवर–बूसी सिंड्रोम के विलक्षण लक्षण व्यक्त हुए।

एक समय था जब भयंकर रूप से उग्र और आक्रामक पागलों में मस्तिष्क के अग्र भाग का फ्रंटल लोबेक्टोमी आपरेशन किया जाता था। पागल, जिसे काबू करना असंभव होता था, आपरेशन के बाद गाय सा सीधा मोम की मूरत बन जाता था।

–डॉ. श्रीगोपाल काबरा,
वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर

फर्जी दस्तावेज से गरीब दलित महिलाओं की लाखों की भूमि हड़पी

मामला दर्ज होने के बाद नामान्तरण के निर्णय को रोकने के निर्देश

मांडलगढ़, (निसं)। उपखंड क्षेत्र मालका खेडा में तीन वृद्ध दलित महिलाओं के साथ खेती की जमीन से धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया हैं। इन बेबस महिलाओं को अपनी आजीविका की जमीन हड़पने की खबर मिली तो पैरों तले जमीन खिसक गई और रोने बिलखने लगी। इस मामले में तीनों महिलाओं ने आरोपी गिरोह के खिलाफ काछोला थाने में मामला दर्ज कराया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। मांडलगढ़ के मालका खेड़ा पंचायत के भट खेड़ी गांव की रहने वाली एक ही परिवार की तीन पीडित महिलाएं हैं।

जिसमे 80 साल की विधवा बरजी देवी पत्नी भूराभील, राजी देवी पत्नी कल्याण भील 75 साल और पानी देवी पत्नी देबीलाल भील 36 साल की हैं। इन तीनों महिलाओं के खेती की जमीन में बरजी देवी की आराजी नम्बर 3–4–5–6/2 रकबा 2.6385 हेक्टेयर, राजिदेवी की आराजी नम्बर 236/164 रकबा 0.8094 हेक्टेयर, व पानी देवी की आराजी नम्बर 235/164 0.8094 हेक्टेयर की लाखों की कीमत भूमि को भूमाफिया गिरोह ने तथाकथित महिलाओं की आड में फर्जी दस्तावेज तैयार कर तहसील कार्यालय काछोला से फर्जी रजिस्ट्री करा अपने नाम करा ली ओर पटवारी ने तत्काल नामांतरण भी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया।

मांडलगढ़ के मालका खेड़ा पटवार मण्डल में तीन बुजुर्ग दलित महिलाओं की खेती की जमीन को फर्जी तरीके से भूमाफिया ने हड़प लिया।

इस पूरे खेल में भूमाफिया गिरोह के साथ मालका खेड़ा के पटवारी बाबूलाल मीणा, एक वकील परमेश्वर धाकड़ की संदिग्ध भूमिका सामने आई हैं। मामले में पीड़ित महिलाओं ने भूमि खरीददार जसवीर पिता किशोर मीणा निवासी श्रीनगर तहसील बूंदी, हरनाथ पिता सुरजा मीणा निवासी लक्ष्मीपुरा तहसील मांडलगढ़ तथा भूमि विक्रय करने वाली कथित महिलाओं में बरजी देवी भील, राजी देवी भील, पानी देवी भील व रजिस्ट्री में गवाह बने आधा दर्जन भूमाफिया गिरोह के सदस्यों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज किया गया हैं।

गौरतलब है कि पानीदेवी की रजिस्ट्री में तो इसकी माता बरजी देवी की उम्र 40 साल, वहीं

> ■ **इस पूरे खेल में भूमाफिया गिरोह के साथ मालका खेड़ा के पटवारी, एक वकील की संदिग्ध भूमिका सामने आई है**

बेटी पानी देवी की उम्र 53 साल अंकित मिली हैं। यानी माता की उम्र से बेटी 13 साल अधिक हैं। इन पीड़ित महिलाओं की खेती की जमीन छिन जाने पर तीनों महिलाएं पुलिस थाने में फरियाद लेकर न्याय की गुहार लगा रही हैं।

मांडलगढ पुलिस उप अधीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि तीनों महिलाओं के साथ जमीन की हुई धोखाधडी का मामला काछोला थाने में दर्ज कर अनुसन्धान शुरू किया गया हैं। जांच में दोषी पाए जाने पर प्रकरण में लिप्त आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी। मांडलगढ़ तहसीलदार नारायण प्रसाद शर्मा ने बताया कि मालका खेडा पटवार मंडल में तीन महिलाओं की खेती की भूमि को कूटरचित दस्तावेज से अन्य महिलाओं ने फर्जी रजिस्ट्री से बेचने की शिकायत मिली हैं। भूमि को फर्जी तरीके से बेचने के बाद नामान्तरण के निर्णय को रोकने के निर्देश पटवारी को दिए गए हैं और मामले की जांच की जा रही हैं।

राशिफल

पंडित अनिल शर्मा

सोमवार 27 जून, 2022

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2079, रोहिणी नक्षत्र सांय 4:02 तक, शूल योग प्रातः 6:46 तक, विष्टि करण सांय 4:39 तक, चन्द्रमा मंगलवार प्रातः 5:33 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–वृष, मंगल–मीन, बुध–वृष, गुरू–मीन, शुक्र–वृष, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन–रात रहेगा। अमृत सिद्धि योग सांय 4:02 से सूर्योदय तक है। आज भद्रा सांय 4:30 तक है। मंगल अश्विनी मेष में प्रातः 5:40 पर प्रवेश करेगा। आज मास शिवरात्रि, रोहिणी व्रत (जैन) है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: अमृत सूर्योदय से 7:22 तक, शुभ 9:04 से 10:47 तक, चर 2:12 से 3:55 तक। लाभ–अमृत 3:55 से सूर्यास्त तक।

राहूकाल: 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:20

मेष
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

वृष
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

मिथुन
आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

कर्क
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

सिंह
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

कन्या
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

तुला
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक अड़चने अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

वृश्चिक
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

धनु
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

मकर
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में उचित परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

कुंभ
परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में ऊचित सफलता मिलेगी।

मीन
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से मनोबल बढ़ेगा और आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

सिंचाई पानी के लिए किसानों ने डाला महापड़ाव, थर्मल प्लांट का घेराव

- माइनर निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों से दोपहर 2 बजे प्रशासन ने वार्ता की पेशकश की, जिसे किसान नेताओं ने ठुकरा दिया
- आसपास के गांवों से बड़ी तादाद में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों और गाड़ियों में भरकर थर्मल गेट पर पहुंचे

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में पानी की मांग पर किसानों ने सूरतगढ थर्मल पावर प्लांट का घेराव कर लिया है। हजारों किसान प्लांट के चारों तरफ जुट गए हैं। सैकड़ों ट्रैक्टरों में हजारों किसान यहां जुटे हुए हैं। इलाके के किसान लम्बे समय से सिंचाई के पानी की मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर थर्मल प्लांट का घेराव किया गया।

बड़ी संख्या में किसानों ने थर्मल के गेट पर सभा की। इस दौरान महिलाएं भी मौजूद रही। आसपास के गांवों से बड़ी तादाद में किसान ट्रैक्टर- ट्रालियों और गाड़ियों में भरकर थर्मल गेट पर पहुंचे। किसानों के थर्मल घेराव के ऐलान के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है। कार्यपालक मजिस्ट्रेट सूरतगढ़ तहसीलदार हाबूलाल मीणा और सूरतगढ़ डीएसपी शिवरतन गोदारा, डीएसपी विक्की नागपाल स्थिति पर नजर बनाये हुए थे। माइनर निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों से दोपहर 2 बजे प्रशासन ने वार्ता की पेशकश की। जिसे किसान नेताओं ने ठुकरा दिया।

इसके बाद किसान नेताओं ने जिला कलेक्टर से वार्ता करने की मांग रखी। इस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला कलेक्टर से वर्चुअल बैठक की बात कही। लेकिन किसान नेता धरनास्थल पर ही वार्तो की मांग दोहराते रहे। इससे पहले आज की बैठक को भाजपा के पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, किसान मजदूर संघर्ष समिति के रणजीत सिंह राजू, सन्तवीर सिंह मोहनपुरा, ओम राजपुरोहित, मोहन पूनिया, राकेश बिश्नोई, रामू छिम्पा, कॉमरेड लक्ष्मण शर्मा, नरेन्द्र घिंटाला और अन्य ने संबोधित किया। वक्ताओं ने राज्य सरकार पर पूर्व में हुए समझौते के उल्लघंन के आरोप लगाए।

एटा-सिंगरासर माइनर निर्माण आंदोलन के दौरान शाम को किसान वार्ता की संभावना न होते देख थर्मल के घेराव के लिए नारेबाजी करते हुए सभा स्थल से रवाना हुए। प्लांट के दो नंबर गेट पर जमकर प्रदर्शन के बाद पुलिस अधिकारियों शिवरतन गोदारा, विक्की नागपाल, रामकुमार लेघा, पवन चौधरी के द्वारा काफी देर तक समझाइश के प्रयासों के बाद किसान सभा स्थल वापस लौट आये। इससे प्रशासन को कुछ राहत महसूस हुई। लेकिन इसके बाद किसानों ने सभा स्थल से अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा कर दी।

प्रशासन को जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर अल्टीमेटम भी दे दिया कि 2 जुलाई को प्लांट की कोल लाइन पर कब्जा करेंगे। यह घोषणा संघर्ष समिति के संयोजक राकेश बिश्नोई ने की। गौरतलब है कि सूरतगढ़ थर्मल की कुल 8 इकाई हैं। जिनसे कुल 2820 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। थर्मल से बिजली उत्पादन में रोजाना 35000 टन कोयले की आवश्यकता होती है। यदि किसानों द्वारा रेल की पटरी को जाम किया जाता है, तो थर्मल में कोयले की सप्लाई प्रभावित होगी जिससे पूरे राजस्थान में बिजली संकट छा सकता है। किसानों का कहना है कि आश्वासन के बाद भी सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जा रहा है। कानौर हैड से ऐटा सिंगरासर माइनर नहर निकाली जाए ताकि 54 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके। किसानों का कहना है कि इनके पास खेती के अलावा आय का और कोई साधन नहीं है। पीने का पानी भी खारा है।

जून 2016 में कानौर हैड पर धरना-प्रदर्शन हुआ था। प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प हो गई थी। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने फायरिंग कर दी थी, जिसमें 5 किसानों को गोली लग गई थी। 12 जून को भाजपा सरकार के अतिरिक्त शासन सचिव शिखर अग्रवाल से लिखित समझौता किया गया था।

जिसमें अग्रवाल ने कहा कि नहर की मरम्मत के बाद सरप्लस पानी को सिंचाई के उपलब्ध करवाया जायेगा। इंदिरा गांधी नहर में सरप्लस 1250 क्यूसेक पानी सरप्लस हो गया। इसके बावजूद सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराया गया था।जून 2017 में फिर कानौर हैड में किसानों द्वारा प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान सरकार ने वार्ता के दौरान नहर से सिंचाई का पानी देने से इनकार कर दिया था। क्योंकि पानी की उपलब्धता कम थी।

साथ ही किसानों को आश्वासन दिया गया था कि ऐटा सिंगरासर माइनर के तहत कृषि कनेक्शन दे दिए जायेंगे। किसानों को अपने स्तर बोरवेल करवाने पड़ेंगे। 2500 से अधिक किसानों को कृषि कनेक्शन दे दिए गए था। जून 2018 में सिंचाई के पानी के लिए वापस मांग शुरू कर दी। सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट पर विरोध- प्रदर्शन किया गया था। करीब 6-7 दिन धरना चलने के बाद प्रशासन से वार्ता हुई। जिसके बाद आश्वासन देकर धरना स्थगित करवा दिया गया था।

जून 2019 में नहर से सिंचाई के पानी की मांग वापस उठी। 10 दिन किसान सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट के सामने धरने पर बैठे रहे। जिसके बाद आश्वासन देकर धरना समाप्त करवा दिया। जिसमें कहा गया कि नहर की रिलाइनिंग चल रही है। इसके बाद सरप्लस पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध करवाया जायेगा।

जिसके बाद नोहर-भादरा क्षेत्र को सरकार ने कमांड घोषित किया है। लेकिन ऐटा सिंगरासर माइनर को सरकार ने कमांड घोषित नहीं किया। जिसके चलते यहां के 54 गांव व तीन तहसीलों के किसानों में रोष है।

जून 2022 तक भी ऐटा सिंगरासर माइनर सिंचाई का पानी नहीं मिलने पर आज किसान फिर एकजुट हुए है। इससे पहले किसानों ने सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट को ठप करने की चेतावनी दी थी। इसके बाद 25 जून को थर्मल पावर का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठक गए। जिसके बाद 2 जुलाई को कोल रेलवे लाइन को जाम करने की चेतावनी दे दी।

सार-समाचार

सीए छात्रों ने श्रमदान किया

बीकानेर,(कासं)। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बीकानेर ब्रांच 1 जुलाई को सीए डे के उपलक्ष में 12 दिवसीय विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी श्रंखला में आज पब्लिक पार्क के इंदिरा फाउंटेन पार्क में आर फोर नेशन टीम के साथ स्वच्छ भारत अभियान के तहत इस पार्क व आसपास के एरिया की सफाई की गई। ब्रांच अध्यक्ष सीए अंकुश चौपड़ा ने कहा स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी है। चौपड़ा ने कहा कि स्वच्छता का उद्देश्य साफ सफाई ही नहीं अपितु नकारात्मक सोच को भी मन से साफ करना भी है। उन्होंने आगे कहा आर फोर नेशन इस दिशा में बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं । इस अवसर पर सीए सुधीश शर्मा ने भी श्रमदान करने वाले सभी सीए सदस्यों व छात्रों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर ब्रांच उपाध्यक्ष सीए राहुल पच्चीसिया, सचिव सीए हेतराम पूनिया, कोषाध्यक्ष सीए अभय शर्मा, सिकासा चेयरमैन सीए जसवंत सिंह बैद अनेक सीए सदस्य व छात्र उपस्थित थे। वहीं आर फोर नेशन टीम की ओर रेलवे के वरिष्ट मंडल कार्मिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह बारठ,बीएसनएल के सहायक महाप्रबंधक इन्दर सिंह, डॉ राजेश शर्मा, डॉ विजेन्द्र त्रिपाठी,डॉ खुसबू सुथार,डॉ शालिनी,डॉ फारूख,राम मीणा, शक्ति सिंह, हिमांशु शर्मा, राकेश गुज्जर, हसन, गौतम, वंदना, सोनी, कपिला, सीए वसीम राजा, सुशील यादव, राजकुमार व्यास, त्रिलोक बिस्सा, राजेन्द्र चांडक, हेमन्त सोनी, आशीष मिश्रा, रमेश उपाध्याय, रुद्र व्यास आदि ने श्रमदान किया।

श्रद्धांजलि एवं सत्याग्रह कार्यक्रम

बीकानेर, (कासं)।राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केन्द्र सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या करने और विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए जबरन जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने के विरोध में विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बीकानेर पूर्व और पश्चिम विधानसभा में सत्याग्रह कार्यक्रम 27 जून 2022 को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित किये जायेंगे। इन विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारी और नेता गण अपने अपने विधानसभा के अंतर्गत होने वाले सत्याग्रह कार्यक्रम में भागीदारी निभायेंगे। वहीं बीकानेर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रहे दिवंगत माणकचंद जावा की पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस द्वारा श्रद्धाजंलि सभा सुबह 9 बजे रखी गई है। इस कार्यक्रम में भागीदारी करने के बाद सभी कांग्रेसजन अपने- अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत होने वाले सत्याग्रह कार्यक्रम में भागीदारी करेंगे। तीनों कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नेतागण, लोकसभा, विधानसभा चुनाव प्रत्याशी, कांग्रेसी पार्षद गण, पार्षद प्रत्याशी, प्रदेश कांग्रेस, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, अग्रिम संगठन प्रकोष्ठ विभाग, बूथ अध्यक्ष मय कार्यकारिणी और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े संगठनों के वर्तमान और निवर्तमान पदाधिकारी भाग लेंगे।

बैठक में लिए अहम फैसले

बीकानेर,(कासं)। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राज्य महासचिव डॉ. सीमा जैन ने बताया कि आज अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति कि बीकानेर जिला कमेटी की बैठक गंगा शहर स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कामिनी सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा 3 वर्ष बाद 17 जुलाई को होने वाले आगामी 11वें जिला सम्मेलन की तैयारियां तथा 17 जुलाई तक सभी यूनिटों के सम्मेलन सदस्यता अभियान के साथ संपन्न करवाना तय किया गया। बैठक में महंगाई और पीडीएस की खामियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हस्ताक्षर अभियान चलाने की भी योजना बनाई गई। यह हस्ताक्षर राष्ट्रपति को भेजे जायेंगे। बैठक में सघन सदस्यता अभियान के साथ जनता के मुद्दों पर संघर्ष को तेज करने की योजना भी बनाई गई। 17 जुलाई को होने वाले जिला सम्मेलन में राज्य पर्यवेक्षक के तौर पर प्रदेशाध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, दुर्गा स्वामी मौजूद रहेंगी। सम्मेलन में विभिन्न प्रस्तावों को पारित करेगा। जिला कमेटी की बैठक में उपाध्यक्ष फरजाना बानो, भगवानी चौधरी। संयुक्त सचिव मोनिका प्रजापत, हाजरा बानो तथा कोषाध्यक्ष किरण जैन के अलावा जिला कमेटी सदस्य संजू कुमारी,हसीना बानो, मुन्नी, सुगरा, सीमा कंवर, रजिया बानो, शारदा सियाग, अफसाना, शहनाज, चांद कुंवर, मुमताज, सरोज, कपिला आदि उपस्थित थे।

कल्ला व मेघवाल दौरे पर रहेंगे

बीकानेर, (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला सोमवार प्रातः 4.10 बजे बीकानेर पहुंचेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात सोमवार रात्रि 11.20 बजे रेलमार्ग से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग मंत्री गोविंद राम मेघवाल सोमवार प्रातः 9 बजे पूगल में नवीन राजकीय महाविद्यालय के उद्घाटन समारोह में शिरकत करेंगे। मंत्री मेघवाल प्रातः 10 बजे खाजूवाला पहुंचेंगें।

राजकीय महाविद्यालय सिद्धमुख में प्रवेश प्रक्रिया आज से प्रारंभ

सादुलपुर, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय सिद्धमुख (चूरू)में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया 27 जून 2022 से प्रारंभ होगी। कॉलेज के नोडल प्रवेश प्रभारी प्रो. शीशराम ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर की प्रवेश नीति की अनुपालना में सिद्धमुख के राजकीय महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रकिया आज से प्रारंभ हो होगी। तथा प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र के किसी भी ई-मित्र पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि ०9 जुलाई 2022 है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

गौरतलब है कि सादुलपुर विधायक एवं राजस्थान क्रीडा परिषद के अथक प्रयासों से सिद्धमुख में मुख्यमंत्री बजट घोषणा में सिद्धमुख में उक्त राजकीय महाविद्यालय को खुलवाया है तथा वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय सिद्धमुख, चन्द्रावली देवी सरावगी बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित है। हांलाकि राजकीय महाविद्यालय सिद्धमुख के नये भवन के लिए चार बीघा भूमि एवं खेल मैदान हेतु अलग से भूमि का आवंटन किया जा चूका है। वहीं सिद्धमुख में राजकीय महाविद्यालय खुलने पर सीताराम प्रजापत राजस्थान कांग्रेस कमेटी प्रदेश महासचिव (ओबीसी प्रकोष्ठ), चूरू जिला कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष करतार टांडी, देवीलाल मेहरा कांग्रेस ब्लॉक प्रवक्ता, सुरेश भाटिया, बंशीलाल किरोडीवाल कांग्रेस चूरू जिला महासचिव, भवानीशंकर प्रजापति चूरू जिला युवा सचिव, ओमप्रकाश जांगिड युवा कांग्रेस चूरू जिला उपाध्यक्ष, कृष्णा टांडी पंचायत समिति सदस्य, पूजा खुडिया पंचायत समिति सदस्य, रामसिंह कस्वा सरपंच प्रतिनिधि, रमेश पूनियां पूर्व सरपंच ढाणी बडी,धर्मवीर सिहाग रामसराताल, ओमप्रकाश सुबेदार, सरपंच महावीर जांगिड, लिखमाराम चांदोरा, गणेश राजपूरोहित, मुन्शीराम प्रजापत, संजय महला, राजेश महला, महावीर प्रजापत, नरेश हलवाई, मोहरसिंह चांदोरा, रामकिशन चांदोरा आदि नें खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनियां का आभार जताकर खुशी जाहिर की है।

ट्रैक्टर ट्रॉली से नहीं उठा कचरा, जगह-जगह लगे कचरे के ढेर

- कचरा परिवहन टेंडर प्रक्रिया उलझी, पहले ही दिन निगम के दावों की पोल खुली

बीकानेर,(कासं)। नगर निगम में ट्रैक्टर- ट्रॉलियों से कचरे के परिवहन पर घमासान मचा हुआ है। ट्रैक्टर ट्रोलियों से कचरे के परिवहन का टेंडर जहां अधरझूल में लटक रहा है, वहीं कार्यरत फर्म के कार्य को भी स्थगित करने से शहर में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कचरे का परिवहन कार्य बंद हो गया है। पहले ही दिन जगह-जगह कचरे की ढेरियां व गंदगी नजर आई। लोग परेशान होते रहे।

वहीं ट्रैक्टर ट्रॉलियों से कचरे के परिवहन से संबंधित निविदा को पहले रद्द करने, फिर बहाल करने के कारण टेंडर प्रक्रिया उलझकर रह गई है। इस टेंडर की प्रक्रिया की शिकायत जयपुर तक भी हो चुकी है। पुरानी फर्म के कार्य को स्थगित करने के दौरान निगम आयुक्त ने दावा किया कि निगम घर-घर कचरा संग्रहण की ऑटो टिपर व अपने डम्परों की मदद से कचरे का परिवहन करेगा। पहले ही दिन इस दावे की पोल खुलती नजर आई। शहर के गली-मौहल्लों से मुख्य मार्गों और सड़कों पर ही कचरे के ढेर नजर आए। कई स्थानों पर दिन भर कचरे की ढेरियां लगी रही। कचरे व गंदगी पर पशु व कुत्ते मंडराते रहे।

निगम में टेंडर को लेकर चल रहे घमासान से आने वाले दिनों में शहरवासियों के अधिक परेशान होने की स्थितियां बन रही है। कचरा परिवहन के लिए अब तक नई फर्म फाइनल नहीं हो पाई है, लेकिन उससे पहले ही पुरानी फर्म के कार्य को स्थगित कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि शनिवार को शहर में ट्रैक्टर ट्रॉलिया नहीं चली। कचरे का परिवहन नहीं ट्रैक्टर ट्रॉलियों से नहीं हुआ।

नगर निगम की ओर से ट्रैक्टर ट्रॉलियों के माध्यम से कचरे के परिवहन को लेकर किए गए टेंडर, निरस्त करने, बहाल करने फिर एल टू व एल थ्री को कार्यादेश जारी करने आदि को लेकर प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप लग रहे हैं कि इस निविदा प्रक्रिया में आरटीपीपी नियमों की अनदेखी की गई है। आरटीपीपी नियमों के अनुसार उपापन प्रक्रिया का रद्दकरण के संदर्भ में नियम 78 के तहत बताया गया है कि यदि कोई उपापन प्रक्रिया रद्द कर दी गई है तो उसे पुनः खोला नहीं जायेगा। किन्तु इससे उपापन संस्था को यदि अपेक्षित है तो, उसी विषय वस्तु के लिए नई उपापन प्रक्रिया प्रारंभ करने से नहीं रोका जायेगा। ट्रैक्टर ट्रॉली के टेंडर की प्रक्रिया पर संबंधित फर्मे ही नहीं महापौर भी सवाल उठा चुकी है। आरोप है कि निगम प्रशासन टेंडर प्रक्रिया में आरटीपीपी के नियमों की अनदेखी कर मनमर्जी से कार्य कर रहा है। जानकारों का कहना है कि नियमों के अनुसार एक बार टेंडर निरस्त होने के बाद उसे रि ओपन नहीं किया जा सकता है।

आचार्य महाप्रभ के जन्मदिन पर बेसहारा लोगों को खाना खिलाया

नोखा, (कासं)। तेरापंथ युवक परिषद जोरावरपुरा द्वारा आचार्य श्री महाप्रज्ञ का 103 वां जन्म दिवस अपना घर आश्रम में बेसहारा, अनाथ 287 प्रभुजी को भोजन खिलाकर उनकी सेवा करके मनाया गया।

तेयुप अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बुच्चा, मंत्री राजेश छाजेड़, सुनील मरोठी, मनीष बुच्चा, कमल बुच्चा, मनोज बुच्चा, नीलेश बुच्चा, अरिहंत बुच्चा, मोहित बोथरा, पंकज बोथरा, रोशन महनोत, नीरज महनोत, प्रदीप कोचर, विनोद नवलखा, मनीष पारख आदि सभी ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रभुजनों को खाना खिलाया व सेवा की।

उसके बाद अपना घर आश्रम के सेवादारों द्वारा विभिन्न जानकारी दी गई और नवनिर्मित भवन का अवलोकन करवाया। परिषद सदस्यों ने सभी सेवादारों की प्रभुजनों की सेवा के लिए बहुत प्रसंशा की। युवक परिषद द्वारा रात्रिकालीन में भजन संध्या का भी प्रोग्राम रखा गया है।

हॉस्पिटल के इमरजेंसी रूम में मरीज ने की तोड़फोड़

- नर्सिंग स्टाफ को जाने से मारने की कोशिश
- मरीज के साथ आये लोगों ने ड्रेसिंग रूम में मरीज को छोड़ बाहर से बंद कर कुंदी लगा दी

हनुमानगढ़,(कासं)। सरकारी हॉस्पिटल के इमरजेंसी रूम में घुसकर एक मरीज ने तोड़फोड़ की और नर्सिंग स्टाफ को मारने की कोशिश की। इस दौरान मरीज के साथ आये मरीजों ने उसको पकड़ने के बजाय रूम के बाहर से कुंदी लगा दी जिससे स्टाफ ने बड़ी मुश्किल से जान बचाई।

इस संबंध में हनुमानगढ़ के रावतसर थाने में मरीज और उसके साथ आये 3-4 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल अशोक कुमार ने बताया कि डॉ. नरेन्द्र सिंह शेखावत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी रावतसर ने केस दर्ज कराया है।

रिपोर्ट में बताया कि 25 जून को एक मरीज हनुमान प्रसाद (35) पुत्र साहबराम बाजीगर निवासी सरदारपुरा खालसा नाम से आया। उसने इमरजेंसी रूम में आते ही तोड़-फोड़ करनी शुरू कर दी।

सभी दवाईयां खराब कर दी। पूरे ड्रेसिंग रूम के सैटअप को खराब कर दिया। रिपोर्ट में बताया कि मरीज के साथ 3-4 लोग आए थे। इन लोगों ने ड्रेसिंग और इंजेक्शन रूम में मरीज को छोड़कर कमरे को बाहर से बंद कर कुंडी लगा दी। ऐसा करने से नर्सिंग स्टाफ कमरे के अन्दर रह गया और मरीज ने नर्सिंग स्टाफ को मारने की कोशिश की। आरोप है कि नर्सिंग स्टाफ ने बड़ी मुश्किल से भाग कर अपनी जान बचाई।

घर में घुस 4 करोड़ की फिरौती मांगने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी के खिलाफ पहले से सात मुकदमे दर्ज है, घटना के बाद से आरोपी फरार था

नोखा, (निसं)। घर में घुसकर 4 करोड़ की फिरौती मांगने के मामले में नोखा पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि आरोपी पलाना निवासी मनोज सियाग है जो कि घटना के बाद से फरार चल रहा था। आरोपी बादनू गांव की ढाणी में फरारी काट रहा था। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी पकड़ लिया तथा उसके उपयोग में ली जा रही बोलेरो कैम्पर को जब्त किया।

जांगिड़ ने बताया कि 8 मई को दस आरोपियों ने नोखा के कटला चौक रहने वाले शिव झंवर के घर घुसकर फिरौती मांगी थी। पुलिस ने उसी दिन कार्रवाई करते हुए नौ आरोपियों को पकड़ लिया था। लेकिन मुख्य आरोपी मनोज सियाग फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। जांगिड़ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से सात मुकदमे दर्ज हैं। वहीं 9 अन्य आरोपियों को जेल भिजवाया जा चुका है।

बारिश नहीं होने से किसानों में मायूसी

नोखा, (निसं)। आद्रा नक्षत्र में भी बारिश नहीं होने से किसानों में मायूसी छाई हुई है। बारिश के इंतजार में किसान आसमान की ओर निहार रहे हैं। धान की बिचड़ा बचाने एवं रोपने की समस्या उत्पन्न हो गई है।

हालांकि नहर से पानी तो दिया गया है लेकिन कई खेतों में पानी पहुंचाने में किसानों को काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। अब किसानों को बारिश की चिंता सताने लगी है। किसान अपने खेत की जुताई के लिए झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे हैं। रोहिणी नक्षत्र शुरू होने के साथ किसानों का धान का बीज डालने की कार्य शुरू हो जाता है। लेकिन आद्रा नक्षत्र में पानी नहीं होने से किसानों को अपना बिचड़ा बचाना मुश्किल हो गया है।

निखरने लगे शहर के सर्किल्स, कलेक्टर ने जायजा

बीकानेर,(कासं)। शहर के प्रमुख सर्किल्स का स्वरूप अब निखरने लगा है। ये सर्कल्स यहां से गुजरने वाले लोगों को आकर्षित करते हैं। वहीं यातायात की दृष्टि से भी इन्हें दुरूस्त किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर एवं नगर विकास न्यास अध्यक्ष भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों के चौराहों और तिराहों पर बने सर्किल्स आकर्षक हों तथा इन्हें यातायात प्रबंधन के नॉर्म्स के अनुसार विकसित किया जाए। इसके मद्देनजर 30 प्रमुख सर्किल्स का चिन्हीकरण किया गया था। इनमें से लगभग आधे सर्किल्स के सौन्दर्यकरण का कार्य पहले चरण में प्रारम्भ कर दिया गया है।

मेजर पूर्ण सिंह सर्किल, अम्बेडकर सर्किल और गोकुल सर्किल का कार्य पूर्णता की ओर है। शेष के कार्य भी शीघ्र ही करवा दिए जायेंगे।

सर्किल्स और इनके आसपास के खंभों पर स्ट्रिप लाइट्स लगाकर इन्हें आकर्षक बनाया गया है। सभी सर्कल्स के फव्वारे चालू करवाने, यहां साफ-सफाई रखवाने, सजावटी पौधे लगाने और केट आईज लगाकर इनका सौन्दर्यकरण किया जा रहा है। जिला कलेक्टर द्वारा रविवार को इस कार्य की समीक्षा की गई।

जयपुर, जोधपुर और श्रीगंगानगर रोड बाईपास स्थित सर्किल्स, म्यूजियम सर्किल, मेजर पूर्ण सिंह सर्किल, अम्बेडकर सर्किल, मेडिकल कॉलेज सर्किल, पंचशती सर्किल, तुलसी सर्किल, दुर्गादास सर्किल, दीनदयाल सर्किल, डॉ. करणी सिंह सर्किल, उरमूल सर्किल, पूगल रोड तिराहा, जेएनवीयू सर्किल, शिवबाड़ी सर्किल, रोटरी सर्किल, ब्रह्मकुमारी सर्किल,

ऊर्जा मंत्री भाटी ने आमजन की समस्याएं सुनी

बीकानेर,(कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि आमजन की समस्याएं सुनते हुए इनका समयबद्ध निस्तारण करवाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक मंत्री द्वारा नियमित जनसुनवाई की जाती है।

ऊर्जा मंत्री ने रविवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंत्री द्वारा जयपुर तथा अपने जिले अथवा विधानसभा में आमजन से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जाते हैं। इसी श्रंखला में उनका प्रयास भी अधिक से अधिक लोगों की के दुख दर्द बांटने का रहता है। उन्होंने कहा कि इससे विकास कार्यों का फीडबैक भी मिलता है और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के कारण आमजन का सरकार के प्रति विश्वास और अधिक बढ़ा है। आज सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। जरूरतमंद लोगों को इनसे संबल मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में कोलायत विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रिकॉर्ड कार्य हुए हैं। स्थानीय लोगों के लिए आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जायेगा।

सभी विभागों के ठेका कर्मचारियों को एकजुट होकर लड़ना पड़ेगा : पुरोहित

- ठेका प्रथा हटाने, संविदा कर्मियों के नियमतीकरण की मांग

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी एकीकृत के प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में संविधान स्वतंत्रता संग्राम के तहत बीकानेर के सरकारी विभागों में लगे ठेका कर्मचारियों को ठेका प्रथा हटाने को लेकर महाआंदोलन शुरू करने के लिए बैठक की।

इस अवसर पर पुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि ठेका प्रथा जैसी कुरीति को दूर करने के लिए हम सभी को एकजुट होना पड़ेगा और सरकार से हर संभव लड़ाई लड़नी पड़ेगी। सभी विभाग के ठेका कर्मचारी यदि एकजुट होकर लड़ेंगे तो हमें सफलता निश्चित तौर पर प्राप्त होगी।

साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से ठेका प्रथा हटाना संविदा पर समायोजित किया जाने एवं नियमतीकरण की स्पष्ट नीति बनाई जाने का भी आग्रह किया। आंदोलन का संचालन जलदाय तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश उपाध्याय ने किया। उन्होंने सभी साथियों से एकजुट होने को कहा और मुख्यमंत्री तक उनकी बात पहुंचाने का भरोसा दिलाया।

वेटरनरी विश्वविद्यालय के संयोजक योगेश व्यास ने कहा कि एक विभाग एक छत के नीचे तीन तरह के कर्मचारी कार्य कर हैं। नियमित कर्मचारी, संविदा और ठेकेदार के द्वारा लगे कर्मचारी इन तीनों में एक समानता है कि वहां एक जैसा ही कार्य करते हैं फिर भी मानदेय और वेतन दोनों में समानता नहीं है। इनमें से भी ठेके वाले कर्मचारी के वेतन इन दोनों की तुलना में बहुत ही कम है और शोषण होता है इसलिए सरकार से हमारी यही मांग है कि हमको ठेके से हटाकर संविदा पर किया जाए और नियमित करने के लिए नीति बनाई जाए। महावीर राजपुरोहित ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सभी कर्मचारी काफी समय से अपने-अपने विभाग में भी सेवा देने हैं उसके बावजूद भी आज अस्तित्व नहीं है।

चूरू में अधिकारियों की अनदेखी से लाखों लीटर पानी व्यर्थ बहा

चूरू, (कासं.)। चूरू जिला मुख्यालय पर जलदाय विभाग के उदासीन रवैये के कारण न केवल लाखों लीटर पानी नाले में बह गया। जबकि पानी की एक-एक बूंद के लिए चूरू के नई सड़क के लोग 48 घंटे तक तरसते रहे। जिला मुख्यालय पर नगर परिषद के कर्मचारियों ने ड्रेनेज नालों की सफाई के लिए जेसीबी से सड़क के नीचे चैम्बर को खोलने के लिए खुदाई की।

इस दौरान मुख्य पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन आश्चार्य इस बात का रहा कि जलदाय विभाग को पता होने के बावजूद भी उक्त पाइप लाइन को रविवार शाम पांच बजे समाचार लिखे जाने तक सही नहीं किया है। शुक्रवार को क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को जलदाय विभाग शनिवार व रविवार को भी सही नहीं कर सका। यहां जलदाय विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के असंवेदनशील रवैये के कारण न केवल लाखों लीटर पानी गंदे नाले में बह गया।

सिंचाई एवं पेयजल के लिये अनुपयोगी साबित हो रहा राजधानी का दूसरा सबसे बड़ा बांध

सिंचाई के लिए बनी नहरों में पानी न छोड़े जाने से नहरों के आसपास गांवों में सिंचाई लुप्त होने के कगार पर है

बस्सी, (निसं)। राजधानी जयपुर के निकट रामगढ़ बांध के बाद दूसरे सबसे बड़े कानोता बांध को जिस उद्देश्य के लिए बनाया गया था आज वह उद्देश्य पूरी तरह मर चुका है।

वर्ष 2000 में 17 फीट गहराई, 2.59 किलोमीटर लंबाई, 402 वर्गमीटर कैचमेंट एरिया में 14.15 एमसीएम भराव क्षमता वाले कानोता बांध का निर्माण आसपास के क्षेत्र में पीने के पानी एवं सिंचाई की आपूर्ति के लिए करवाया गया था लेकिन आज कानोता बांध में भराव क्षमता के मुताबिक पानी तो भरा है लेकिन वह बांध और उसमें भरा पानी जनता के किसी काम नहीं आ रहा सिवाय मछलीपालन एवं मूर्ति विसर्जन के।

इस बांध में पानी की आवक से आसपास का जलस्तर ऊंचा जरूर हुआ है, लेकिन सिंचाई के लिए बनी नहरों में पानी न छोड़े जाने से नहरों के आसपास गांवों में सिंचाई लुप्त होने के कगार पर है। बांध निर्माण के शुरुवाती दिनों में तो इसका उपयोग सिंचाई एवं पीने के पानी के रूप में किया गया लेकिन वर्तमान में यह बांध सिंचाई एवं पीने के पानी के लिए अनुपयोगी साबित हो रहा है। इतना ही नहीं अब तो इस बांध में भरने वाला पानी पशु-पक्षियों एवं मछलियों के लिए मौत का कारण भी बन रहा है। इसका कारण इस बांध में जयपुर शहर के साथ ही जलमहल से आने वाला गंदा एवं कैमिकल युक्त पानी है। इस गंदे एवं कैमिकल युक्त पानी से हर साल हजारों की संख्या में मछलियों के साथ पशु-पक्षियों की भी मौत हो जाती है। जिस उद्देश्य के लिए कानोता बांध का निर्माण करवाया गया था, यदि उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए इस बांध का एवं इसमें भरने वाले पानी का उपयोग किया जाए तो इस बांध को भी नया जीवन मिल सकता है।

कानोता बांध को जिस उद्देश्य के लिए बनाया गया था आज वह उद्देश्य पूरी तरह मर चुका है।

- कानोता बांध के पानी को ढूंढ नदी में छोड़ दिया जाए तो मिल सकता है नया जीवनः बस्सी विधायक लक्ष्मण मीना
- 17 फीट गहराई, 2.59 किमी. लंबाई, 402 वर्गमीटर कैचमेंट एरिया में 14.15 एमसीएम भराव क्षमता वाले इस बांध का निर्माण वर्ष 2000 में हुआ था
- जयपुर शहर के साथ ही जलमहल से आने वाले गंदे एवं कैमिकल युक्त पानी से हर साल हजारों मछलियों के साथ पशु-पक्षियों की भी मौत हो जाती है

बस्सी विधायक लक्ष्मण मीना ने भी लोगों की मांग एवं उनके हित में इस संदर्भ में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसी तरह की मांग की थी। इस पत्र में कहा गया था कि कानोता बांध का पानी नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए उपलब्ध करवाया जाए। इसके साथ ही विधायक ने पत्र के माध्यम से आगाह किया कि इस बांध में गंदा पानी न छोड़ा जाए और इसकी मरम्मत भी की जाए। विधायक लक्ष्मण मीना ने बताया कि कानोता बांध की टेरिटरी में दर्जनभर से भी अधिक गांव बसे हुए हैं, जिनमें एक लाख से भी अधिक जनसंख्या निवास करती है। इसमें अधिकांश लोग किसान हैं और खेती पर आश्रित हैं। इनमें सुमेल, विजयपुरा, बगराना, कानोता, रामरतनपुरा, नायला, ड्योडा चौड, कूंथाडा खुर्द, हीरावाला, गीलावाला, दयारामपुरा, रामसर पालावाला, जीतावाला, खोखावाला, रूपा की नांगल जैसे कई गांव शामिल हैं। साथ ही बताया कि यदि कानोता बांध का पानी ढूंढ नदी में छोड़ दिया जाए तो इससे इस नदी को जीवन तो मिलेगा ही, साथ ही यह पानी कानोता-बस्सी क्षेत्र के सांभरिया, बराला, अचलपुरा, सिंडोली, सांख से लेकर कोटखावदा तक की खेती के लिए सिंचाई का जरिया बन सकती है। इसके अलावा यह आसपास के सैकडों कुओं व ट्यूबवैल को भी रीचार्ज कर सकती है।

बीकानेर में पातेय वेतन पर कई चिकित्सकों को बनाया प्रोफेसर

सरकार के आदेशों की स्पष्ट रूप से हो रही अवहेलना

बीकानेर, (कासं)। पातेय वेतन पर पदोन्नति का खेल खेला जा रहा है। पातेय वेतन पर नीचे पद के कर्मचारियों को उच्च पदों पर पदस्थापन किया गया है, जो सरकार के आदेशों की स्पष्ट रूप से अवहेलना है। यह फायदा एक-दो नहीं, बल्कि कॉलेज के करीब 65 कर्मचारियों को मिल रहा है। इन्हें कार्य व्यवस्था (पातेय वेतन) के नाम पर उच्च पदों पर बैठाया हुआ है।

एसपी मेडिकल कॉलेज के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि नेशनल मेडिकल काउंसिल के निरीक्षण के दौरान मेडिकल छात्रों की संख्या के आधार पर चिकित्सा शिक्षा के पदों को भरना होता है। रिक्त पद होने पर मेडिकल की बढ़ने वाली सीटों के फिर से रद्द होने का खतरा रहता है। ऐसे में एकबारगी कुछ समय के लिए असिस्टेंट को एसोसिसट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर को प्रोफेसर बना देते हैं। यह कार्य व्यवस्था के तहत लगाए जाते हैं। इस तरह पदोन्नत किए कर्मचारी अपने नीचे के पद का वेतन लेकर उच्च पद पर काम करते रहते हैं। यह कार्यव्यवस्था कुछ समय के लिए अस्थायी होती है। परन्तु साल-डेढ़ साल तक ऐसे ही चलता रहता है तो यह नियमानुसार गलत है।

- एसपी मेडिकल कॉलेज में यह फायदा एक-दो नहीं, बल्कि करीब 65 कर्मचारियों को मिल रहा है

एसपी मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर से पातेय वेतन पर डॉ. बाबूलाल मीणा, डॉ.परवेज समेजा, डॉ. विजय तुंदवाल, रेडियोलॉजी विभाग में डॉ. रिद्धिमा गुप्ता, कैंसर से डॉ. शंकरलाल जाखड़, न्यूरोलॉजी से डॉ. इन्द्रपुरी, डॉ.जगदीश कूकणा, गेस्ट्रोलॉजी से डॉ. सुशील फलोदिया, डॉ. आशीष जोशी, डॉ. विनिता चौधरी, नेफ्रोलॉजी डॉ. जितेन्द्र फलोदिया, हार्ट में डॉ. दिनेश चौधरी, हार्ट हॉस्पिटल मेडिसिन डॉ. देवेन्द्र अग्रवाल, फोरेंसिक मेडिसिन से डॉ. पीके सैनी, डॉ. सुरेंद्र बेनीवाल, डॉ. कमलेश कुमार हर्ष, डॉ. संजीव बुरी, डॉ. अरुण भारती, डॉ. रोहितास कुलहरिया, डॉ. गौरव गुप्ता समेत कई चिकित्सक पातेय वेतन पर पदोन्नत होकर पदस्थापित हैं। फॉरेंसिक मेडिसिन से डॉ. पीके सैनी को पीबीएम अस्पताल के अधीक्षक की कमान सौंपी गई है।

राज्य सरकार के कार्मिक (क-2) विभाग के तत्कालीन प्रमुख शासन सचिव हेमन्त कुमार गेरा ने 26 नवंबर-2021 को पातेय वेतन, कार्य व्यवस्था के आधार पर नियमित वेतन श्रृंखला में पदोन्नति-पदस्थापन नहीं करने के संदर्भ में आदेश जारी किया था। आदेश में स्पष्ट किया था कि कार्यव्यवस्था आधार (पातेय वेतन) पर उच्च पद पर किसी भी कर्मचारी को पदस्थापित नहीं किया जाए। इसके तहत कर्मचारी स्वयं के निचले पद का वेतन प्राप्त करते हुए अन्य उच्च पद पर पदस्थापित किया जाता है। न्यायालय की ओर से समय-समय पर ऐसी नियुक्तियों पर नाराजगी व्यक्त की गई है। इसे सार्वजनिक नियोजन के लिए अनुचित माना गया है। कार्मिक विभाग ने इसकी कठोरता से पालना के लिए पाबंद किया है।

डॉ. मोहम्मद सलीम, प्राचार्य एसपी मेडिकल कॉलेज का कहना है कि पदोन्नति सरकार ही करती है। इसमें स्थानीय कॉलेज प्रशासन की कोई भूमिका नहीं होती है। एसपी मेडिकल कॉलेज के अधीनस्थ करीब 65 कार्मिक पातेय वेतन पर पदोन्नत हैं और कार्य व्यवस्था के तहत पद पर काम कर रहे हैं।

पति ने दिया तीन तलाक तो पत्नी ने किया सुसाइड

अलवर, (निसं)। पति ने पत्नी को तीन बार तलाक कहा और घर से निकाल दिया। परेशान होकर महिला ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। मामला शनिवार शाम का अलवर जिले के भिवाड़ी का है। भोंकर गांव निवासी मनीषा (20) की शादी 14 मार्च 2021 को नूंह के सिकरावा गांव निवासी इम्तियाज (23) के साथ हुई थी। चाचा जाहूल खां ने बताया कि मनीषा 6 महीने की थी जब उसके पिता का निधन हो गया, 3 साल की हुई तो मां गुजर गई। तब से मनीषा को पाला। शादी में बुलेट बाइक दी, 1 लाख 61 हजार रुपए कैश दिए थे। फिर भी पति, सास, ससुर मनीषा को दहेज के लिए परेशान करने लगे। मनीषा पर उसका ससुर आसिफ बुरी नजर भी रखता था। वह कई बार उसका हाथ पकड़ चुका था, मनीषा ने इसे लेकर भी शिकायत की थी। पति से कहा तो वह गुस्सा हो गया। पिता के कहने पर ही इम्तियाज ने अपनी पत्नी मनीषा को तीन बार तलाक कहा और घर से निकाल दिया।

मनीषा ने 11 मई 2022 को भिवाड़ी थाने में पति,सास व ससुर के खिलाफ दहेज प्रताडना व तलाक का मामला दर्ज कराया था। दो महीने से मनीषा अपने चाचा के घर रह रही थी। मनीषा की दादी उसके ससुराल नूंह गई थी। ससुराल वालों को समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कहा कि तीन तलाक हो गया, अब वे उसे नहीं रखेंगे। शादी में दिया गया सामान वापस ले जाओ। जाहूल ने कहा कि शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, इससे मनीषा डिप्रेशन में थी। शनिवार शाम को उसने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इम्तियाज नूंह में मेडिकल शॉप पर काम करता है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। तीन तलाक पर 2019 में कानून बन चुका है। तीन बार बोलकर पत्नी को तलाक नहीं किया जा सका।

- मृतका के चाचा ने दहेज के लिए परेशान करने का भी आरोप लगाया
- मृतका ने पूर्व में पति, सास व ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था

जैसलमेर में पर्यटन सीजन का जुलाई से होगा आगाज

जैसलमेर, (निसं)। जैसलमेर में अगले माह जुलाई से पर्यटन सीजन का आगाज होने जा रहा है। टूरिस्ट सीजन के लिए पर्यटन नगरी को सजाने संवारने की कवायद शुरू हो चुकी है।

इस बार पर्यटन सीजन में सैलानियों की अच्छी संख्या की उम्मीद में होटल और रिसोर्ट मालिकों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। होटल, रिसोर्ट और रेस्तरां सभी में रेनोवेशन का काम शुरू हो गया है लगातार 2 साल से कोरोना की मार झेल चुके पर्यटन से जुड़े लोगों में इस बार अच्छे टूरिस्ट सीजन की उम्मीद है। इसी उम्मीद के चलते वे अपनी-अपनी लोकेशन को और ज्यादा बेहतर बनाने और सैलानियों का ध्यान अपनी तरफ खींचने की पूरी तैयारियों में जुट गए हैं। इस बार कोरोना नहीं होने से सैलानियों की अच्छी एडवांस बुकिंग भी होटल्स में हो रही है।

जैसलमेर में होटल मालिक मानते हैं कि कोरोना काल की दुखद यादें भूल कर हम सब इस साल अच्छे सीजन की आस में हैं और उम्मीद है कि इस बार सीजन अच्छा जाएगा। वे बताते हैं कि कोरोना काल में 2 साल विदेशी सैलानी जैसलमेर नहीं आए जिससे हमें बहुत ज्यादा नुकसान हुआ लेकिन इस बार लगता है विदेशी सैलानी अच्छी खासी तादाद में जैसलमेर आएंगे।

पूर्व मंत्री के बेटे के खिलाफ लूट व मारपीट का मामला दर्ज

अलवर, (निसं)। भाजपा सरकार में मंत्री रहे हेम सिंह भडाना के बेटे सुरेंद्र भडाना के खिलाफ घर में घुसकर लूट व मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। पूर्व मंत्री के बेटे का घर की दीवार कूदने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हालांकि मंत्री के बेटे ने भी क्रॉस मुकदमा दर्ज करा दिया है, मामला अलवर का है।

परिवादी बुध विहार ए-49 निवासी निहाल सिंह ने मामला दर्ज कराया कि रात करीब साढे 11 बजे सुरेंद्र सिंह 6-7 लोगों के साथ आया। घर की दीवार कूद कर अंदर घुसा। उसके साथ मारपीट की और 1 लाख रुपए-सोने की चेन लूट ले गए। किसी को बताने पर जाने से मारने की धमकी दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। निहाल सिंह ने पुलिस को मंत्री के बेटे के रात को घर में दीवार कूदकर घर में घुसने का वीडियो भी बतौर सबूत दिया है।

रविवार रात को ही पूर्व मंत्री के बड़े बेटे धीरेंद्र ने शिवाजी पार्क पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है कि निहाल सिंह रिश्ते में ताऊ का लड़का है। उसने 24 जून की रात को मेरे भाई सुरेंद्र सिंह को खुद के घर पर बुलाया। कहा गेट पर तेरी भाभी ने ताला लगा दिया है। दीवार कूद कर आ जा। सुरेंद्र अंदर गया तो तीन-चार लोग शराब पी रहे थे। उसके पहुंचते ही सुरेंद्र से मारपीट करने लगे। बड़ी मुश्किल से सुरेंद्र वहां से बचकर भागा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि पूर्व मंत्री का कहना है कि यह उनके परिवार का मामला है। शिवाजी पार्क पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों ने रिपोर्ट दी है। सबूतों के आधार पर जांच कर रहे हैं। अभी इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जल्द जांच कर आवश्यक एक्शन लिया जाएगा।

- मंत्री के बेटे ने भी क्रॉस मुकदमा दर्ज कराया
- मंत्री के बेटे ने घर में घुसकर पीड़ित से की थी मारपीट

दो बाइकों की भिड़ंत में तीन जनों की मौत

डिग्गी, (निसं)। डिग्गी थाना क्षेत्र के प्रतापपुरा के पास बीती रात दो बाइकों की आपसी भिड़ंत में तीन बाइक सवारों की मौत हो गई। इनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीसरे ने जयपुर में उपचार के दौरान दम तौड़ दिया। दो मृतक रिश्ते में फुफेरे भाई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी मालपुरा राकेश कुमार बैरवा ने घटनास्थल व डिग्गी अस्पताल पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली। वहीं डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने रविवार सुबह डिग्गी अस्पताल पहुंचकर डिग्गी अस्पताल में रखे दोनों शवों का पोर्स्टमाटम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्यवाही शुरू की। डिग्गी थानाधिकारी ने बताया कि शनिवार रात को 9 बजे सूचना मिली कि प्रतापपुरा के पास भीलवाड़ा जयपुर स्टेट हाइवे पर दो बाइकों की आपसी भिड़त हो गई। उसके बाद तुरंत प्रभाव से डिग्गी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जहां लहूलुहान हालत में रोड पर पड़े तीनों बाइक सवारों को अस्पताल लेकर आई। डिग्गी अस्पताल में डिग्गी थाना क्षेत्र के डेचवास निवासी प्रधान जाट व टोंडारायसिंह थाना निवासी मोर कुकड कमल माली को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं भंवर लाल जाट को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक कमल माली जयपुर से अपनी बाइक पर अकेला गांव आ रहा था। इसी दौरान सामने से अपने गांव डेचवास जा रहे प्रधान व रिश्ते में फुफेरे भाई लगने वाले भंवर लाल जाट की बाइक से भिड़ंत हो गई। इसमें प्रधान और कमल माली की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं भंवर लाल जाट की जयपुर पहुंचने के बाद मौत हो गई। मृतक कमल माली जयपुर में रहकर मोटर वाइंडिंग का काम करता था। कमल माली परिवार से मिलने अपने गांव मोर जा रहा था। वही मृतक प्रधान जाट अपने गांव में खेती-बाड़ी का काम करता था। वहीं भंवर लाल जाट भी अपने ही गांव मे खेती बाडी का काम करता था।

भिड़ंत के बाद बिखरे पड़े मोटरसाइकिलों के अवशेष।

अधिकारियों की लापरवाही एवं मिलीभगत के कारण भूमाफियाओं की भेंट चढ़ गई बेशकीमती जमीन

जैसलमेर शहर में जमीन पर लगा भूमाफियाओं का ग्रहण, हुआ फर्जी बेचान

जैसलमेर, (निसं)। जैसलमेर शहर के एसबीआई बैंक के सामने मुख्य सड़क से उत्तर की तरफ ढिब्बा पाड़ा खसरा नंबर 193 स्थित बुर्ज के पास नगर परिषद के कार्यालय से मात्र दो सौ मीटर दूर स्थित नगरपरिषद की बेशकीमती दो हजार वर्गफीट जमीन आखिरकार अधिकारियों की लापरवाही एवं मिलीभगत के कारण भूमाफियाओं की भेंट चढ़ गई तथा भू माफियाओं ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपनी बताते हुए इस सरकारी भूमि का बेचान भी कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एयरफोर्स के पंप हाउस के पास लगती भूमि सालों से खाली पड़ी थी। इस पर भूमाफियाओं की नजर पड़ गई और केहर फ़क़ीर की ढाणी देवीकोट निवासी एक परिवार ने पुश्तैनी जमीन बताकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 11 मई को अपने ही परिवार की सदस्या के नाम मुखत्यार आम तैयार करवा दिया। 18 मई को महिला ने उक्त जमीन को एक और भूमाफिया को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेच दिया। ज्ञात जानकारी के अनुसार यह भूखंड जिस अजीज खान पुत्र सोढ़ेखान के नाम से बताया गया उनकी मृत्यु 1998 में हो चुकी है। यदि यह भूखंड उनके नाम था तो फिर 24 साल तक उसके वारिसान द्वारा इस भूखंड का नामांतरकरण क्यों नहीं करवाया गया और तो और नगरपरिषद में इस भूखंड की और इस नाम की कोई पत्रावली ही नहीं है।

जानकारी में आया है कि उक्त भूखंड के पास स्थित भूखंड के मालिक भगवानाराम ने वर्ष 2013-14 में इस भूखंड को खांचा भूमि के रूप में उसे आवंटित करने का भी आवेदन किया था। इस पर 7 मई 2014 को तत्कालीन नगरपरिषद अधिकारियों ने इस भूखंड को पूर्ण मानकर नोटशीट में इस भूखंड को स्वतंत्र बनाकर नीलामी करने की टिप्पणी की थी। इस खरीददार ने उक्त भूखंड खरीदा है उसी के भाई ने भी यही भूखंड प्राप्त करने के लिए खांचा भूमि का आवेदन किया था। यदि यह भूखंड नीलाम होता तो नगरपरिषद को करोड़ों रुपये की आय हो सकती थी। मगर अधिकारियों की लापरवाही ओर भूमाफियाओं से मिलीभगत ने इस भूखण्ड पर भूमाफियाओं को कब्जा करने और बेचने की मौन स्वीकृति दे दी। उक्त बेचान नामे में जैसलमेर पंजीयन कार्यालय के उप पंजीयक एवं जैसलमेर के कार्यवाहक तहसीलदार की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है क्योंकि उनके द्वारा भूखंड के टाइटल संबंधी बिना किसी वैध दस्तावेज के ही बेचान नामा स्वीकृत कर दिया जो कि संदेहास्पद है।

उप पंजीयक महेंद्र खत्री ने बताया कि टाइटल संबंधित कार्य नगरपरिषद का है। हमने रजिस्ट्री में इससे संबंधित नोट डाल दिया है। यदि बेचने वालों ने फर्जी बेचान किया है तो ये उनकी जिम्मेदारी है तथा बेचने और खरीदने वालों पर कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए।



जैसलमेर शहर में बेशकीमती जमीन का फर्जी बेचान करने का मामला सामने आया।

- इस बेचान नामे में जैसलमेर पंजीयन कार्यालय के उप पंजीयक एवं जैसलमेर के कार्यवाहक तहसीलदार की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है

सब्जी बेचने वाले से सौ-सौ रुपए के आठ नकली नोट बरामद किए

अलवर, (निसं)। एनईबी थाना पुलिस ने अग्रसेन सर्किल सब्जी मंडी परिसर में नकली नोट चलाने की फिराक में घूम रहे 57 वर्षीय सुरेश शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 100 -100 रुपए के 8 नकली नोट बरामद किए हैं।

थानाधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि सूचना मिली कि एक व्यक्ति नकली नोट चलाने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सुरेश पुत्र कुंदन लाल शर्मा निवासी मोती नगर काली मोरी फाटक को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 100-100 रुपए के 8 नकली नोट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने उक्त नोट एक व्यक्ति से आधी कीमत में खरीदे थे। आरोपी ने बताया कि वह हथठेला पर फेरी लगाकर सब्जी बेचता है।

चार संक्रमित मिले

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले में कोरोना संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को एक महिला सहित चार और लोग पॉजिटिव आए हैं। आरटी पीसीआर प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया की रविवार को सुवाणा की 47 वर्षीय महिला के साथ ही सांगानेरी गेट का 65 वर्षीय बुजुर्ग, कोटड़ी का 26 वर्षीय युवक, हुरड़ा का 32 वर्षीय युवक कोरोना पॉजिटिव आये हैं। खास बात यह कि इन चारों ने वैक्सीन की पहली और दूसरी डोज लगाई हुई है।

अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

बरोनी पुलिस थाने में जप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली।

निवाई, (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

बरोनी थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि रविवार को मुखबीर से सूचना मिली कि गांव खोडा का खेडा में अवैध बजरी भरकर ट्रैक्टर आ रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो अवैध बजरी भरकर एक ट्रैक्टर आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने अवैध बजरी भरी होने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने लाकर खड़ा करवा दिया। पुलिस ने एमएम आरडी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

सरकार गिराने या बनाने के लिए मंत्री और विधायक बिकते हैं : डॉ. चंद्रभान

- राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम की ओर से आयोजित ''मीडिया का बदलता परिवेश'' परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में बोले बीसूका उपाध्यक्ष
- आजकल अवसरवादी नेता भी उसी महापुरुष को पूछते हैं, जो उन्हें वोट दिला सकते हैं : कृष्ण कल्पित

जयपुर। राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम की तरफ से रविवार को राजधानी के पिंकसिटी प्रेस क्लब ऑडिटोरियम में मुंशी प्रेमचंद की स्मृति में ''मीडिया का बदलता परिवेश'' पर परिचर्चा और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बीसूका के उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रभान सिंह रहे, जिन्होंने स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर जोर देते हुए कहा कि समय के साथ-साथ हर क्षेत्र में बदलाव हुआ है और होना भी चाहिए इसलिए मीडिया भी इससे अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले की पत्रकारिता सरकार बनाने और गिराने में अपनी अहम भूमिका निभाती थी जबकि अब ऐसा देखने को नहीं मिलता क्योंकि अब सरकार बनाने और गिराने के लिए जब विधायक और मंत्री तक बिक जाते हैं तो अपना परिवार चलाने के लिए पत्रकारों को भी कई बार अपनी खबरों के साथ समझौता करना पड़ता है।

डॉ.चंद्रभान ने अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए राजनीतिक संघर्ष के बारे में भी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बोडा ने कहा कि समय के साथ हर चीज में बदलाव आता रहता है इसलिए मीडिया का परिवेश भी पहले से बहुत हद तक अब बदल चुका है। इसका मुख्य कारण आज के दौर की नई तकनीके हैं, जिनका इस्तेमाल करना पत्रकार और पत्रकारिता के लिए बहुत जरूरी है। इनसे पहले कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम के संस्थापक अध्यक्ष अनिल सक्सेना ने अपने मन की बात रखते हुए कहा कि फोरम का मुख्य उद्देश्य युवा पत्रकारों छोटे-छोटे गांव एवं शहरों से जुडे कलम के सिपाहियों को आगे लाना है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके गुरु स्व. वीर सक्सेना से मिली सीख की बदौलत उन्होंने वर्ष 2011 में फोरम की शुरुआत की थी और अभी तक राजस्थान राज्य के कई शहरों में फोरम के कार्यक्रम कराएं जा चुके हैं। उन्होंने इस सोच व उद्देश्य के साथ कार्यक्रम कराएं हैं कि आने वाले समय में पत्रकारिता जगत से जुडा युवा सकारात्मक मानसिकता के साथ जनहित में अपनी कलम की धार को चलाए।

वहीं कार्यक्रम की रूपरेखा का प्रारम्भिक परिचय देते हुए विनोद भारद्वाज ने कहा कि पहले की पत्रकारिता और अब की पत्रकारिता में बहुत से उतार-चढाव आए हैं और आज हर कोई व्यक्ति खुद में एक पत्रकार है। साथ ही स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति हर एक नागरिक को मिली हुई है। चाहे वो सोशल मीडिया के जरिए ही क्यों न हो बस निर्भर यह करता है कि आप उसका सदउपयोग कर रहे हैं या दुरुपयोग। उन्होंने कहा कि आज हर गली मौहल्ले या गांव कस्बे की समस्या का निवारण इंसान स्वयं कर सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अथितियों में उपस्थित सीएम के ओएसडी फारुख अफरीदी ने कहा कि आज के युग में कॉर्पोरेट सेक्टर का पत्रकारिता में सहभागिता होने की वजह से पत्रकारिता से आमजन का विश्वास उठने लगा है। साहित्यकार लोकेश कुमार साहिल ने कहा कि आज जो कुछ भी अच्छा हो रहा है, वह भारत के आजादी से किए हुए अच्छे कार्यों का ही नतीजा है। लेखक कृष्ण कल्पित ने कहा कि आजकल अवसरवादी नेता भी उसी महापुरुष को पूछते हैं, जो उन्हें वोट दिला सकते हैं। आज के अखबारों में और पत्रकारिता में संपादक की भूमिका बिल्कुल समाप्त हो गई है। साथ ही वर्तमान में साहित्य ने भी पत्रकारिता से दूरी बना ली है। सोशल मीडिया के द्वारा आजकल सब कुछ हो रहा है और प्रिंट मीडिया अपनी विश्वसनीयता खोता जा रहा है।

पिंकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा ने कहा कि समय-समय पर पत्रकारिता में परिवर्तन होता आया है। कोरोना काल में भी देखा गया कि डिजिटल मीडिया के माध्यम से ही पत्रकारिता ज्यादा हावी रही। इस कार्यक्रम के जरिए उन्होंने पत्रकारों के साथ ही साहित्यकारों के लिए भी सरकारी सुविधाओं की मांग की। कार्यक्रम में राजस्थान मीडिया एक्शन फोरम से जुडे उल्लेखनीय कार्य करने के मनोज सोनी, चंदन मिश्रा, अमित चेचानी, संदीप माली, गिरीश पालीवाल, हेमंत साहू, मोरध्वज सिंह, अशोक लोढा, आशा पांडे, नेट थिएट नेक्स्ट एरा थिएटर टीम सहित अन्य प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पत्रकार राधारमण शर्मा ने आभार व्यक्त किया। पिंक सिटी प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष मुकेश मीणा औऱ कार्यकारिणी सदस्यो ने फोरम के अध्यक्ष का सम्मान भी किया।

बड़ों को प्रणाम करने से बढ़ता है आयु और बल : डॉ. कल्ला

आजादी के अमृत महोत्सव में झालाना स्थित संस्कृत अकादमी संकुल में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शिक्षा मंत्री बी.डी.कल्ला ने प्रमाण पत्र वितरित किये।

जयपुर। संस्कृत अकादमी में विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय संस्कार-संस्कृति शिविर के तीसरे और अन्तिम दिन स्वतन्त्रता आन्दोलन और युवा तथा मीडिया, सोशल मीडिया और युवा विषय पर जाने माने पत्रकार और लेखक यशवन्त व्यास, जन सम्पर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक गोविन्द पारीक ने अपने विचार रखे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला थे। ये आयोजन झालाना स्थित अकादमी संकुल में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान संस्कृत अकादमी, राजस्थान ललित कला अकादमी, राजस्थान सिंधी अकादमी एवं करुणा संस्थान के संयुक्त तत्त्वावधान में किया जा रहा है। तीन दिवसीय समारोह में चित्रकला प्रतियोगिता, रामायण आधारित प्रश्नमाला और महाभारत आधारित प्रश्नमाला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। समापन पर तीनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को डॉ. बी.डी. कल्ला ने प्रमाण पत्र वितरित किए।

डॉ. बी.डी. कल्ला ने अपने उद्बोधन में बडों को प्रणाम किए जाने की महत्ता पर रोशनी डालते हुए कहा कि जो अपने से बडों को प्रणाम करता है उससे उसकी आयु और बल स्वत: ही बढ जाते हैं। अगर हम अपने जीवन में आचार्य देव भव, पित्र देवो भव और मात्र देवो भव का भाव जगा लें तो हमारे जीवन की अनेक कठिनाईयां स्वत: ही समाप्त हो सकती है।

उन्होंने कहा इनसान के जीवन में सत्य ही सबसे बड़ा धर्म है। मोबाइल के अनावश्यक बढ़ते दुरूप्योग के के प्रति उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि मोबाइल के अनावश्यक इस्तेमाल से बच्चे कई तरह की विकारों और बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों को 12वीं कक्षा तक मोबाइल नहीं देने की सलाह दी। कल्ला ने कहा कि इसके बाद बच्चा स्वत: ही परिपक्व हो जाएगा और मोबाइल का सही इस्तेमाल करने का अभ्यस्त हो जाएगा।

चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता सारिका राणा, विनायक घोचक, सीमा मण्डल, रोसी जयकुमार और राज पारीक रहे। वहीं रामायण आधारित प्रश्नमाला प्रतियोगिता में आयुष ढोकवाल, पिंकी कुमारी बैरवा, कार्तिकेय शर्मा, ईशान झाला, रोशनी बलाई और महाभारत आधारित प्रश्नमाला प्रतियोगिता में संयुक्ता पापड़ीवाल, नेहा महावर, अनूप जाटव, सम्यक जैन और भार्गवी विजेता रहे।

संस्कार व्यक्तिगत और सामाजिक चेतना जाग्रत करते है : सासंद बोहरा

आजादी के अमृत महोत्सव और मोदी सरकार के 8 वर्ष सेवा सुशासन को लेकर मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के तीसरे दिन सांसद रामचरण बोहरा ने आदर्श विद्या मंदिर अम्बावाड़ी जयपुर में संबोधित किया।

जयपुर। आजादी के अमृत महोत्सव और मोदी सरकार के 8 वर्ष सेवा सुशासन को लेकर जयपुर संसदीय क्षेत्र में मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के तीसरे दिन सांसद रामचरण बोहरा ने आदर्श विद्या मंदिर अम्बावाडी जयपुर में पहुंचे। उन्होंने सेवा भारती द्वारा जयपुर शहर में संचालित 30 बाल संस्कार केन्द्रों के बच्चों के लिये नि:शुल्क शिक्षा सामग्री वितरित करते हुए कहा कि यह केन्द्र संस्कार, व्यक्तिगत और सामाजिक चेतना को जाग्रत करने के साथ विशेष शिक्षण से की व्यवस्था से उनको समाज के योग्य बनाता है।

जयपुर सासंद रामचरण बोहरा ने अग्रसेन सर्किल पर महाराजा अग्रसेन जी एवं पूर्व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री जनसंघ के समय से वरिष्ठ नेता स्व. सतीशअग्रवाल की प्रतिमा पर कार्यकताओं के साथ माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की इसके बाद अजमेर रोड स्थित ईएसआई हॉस्पिटल में वृक्षारोपरण कर स्वच्छता एवं सुरक्षा कर्मियों का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया, कार्यक्रम के दौरान मरीजों के हाल जानते हुए उनको फल वितरण किये कर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

कार्यक्रम उपरान्त खातीपुरा स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के साथ राष्ट्र के उन्नित की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम की अध्यर्क्षेता नवल बगाड़िया के द्वारा की गई एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट में बनेगा 500 बैड का आईपीडी टावर

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर स्थित महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट में सुविधाएं बढ़ाने के लिए कुल 117 करोड़ रुपये व्यय के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री की स्वीकृति से महिला चिकित्सालय में लगभग 85.57 करोड़ रुपये लागत से 500 बैड का आईपीडी टावर और 21.43 करोड़ रूपये लागत से 100 कमरों का नवीन स्नातकोत्तर छात्रावास का निर्माण होगा। यहां करीब 10 करोड़ रूपये के चिकित्सकीय उपकरण खरीदे जाएंगे। प्रस्ताव के अनुसार, आईपीडी टावर में 50 बैड का आईसीयू, 6 मॉडयूलर ओटी तथा भूमिगत पार्किंग का निर्माण भी कराया जाएगा।

गहलोत ने अतिरिक्त बजट प्रावधान के संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की इमरजेंसी कोविड रेस्पांस पैकेज (ईसीआरपी)-2 में स्वीकृत राशि का उपयोग किए जाने की भी स्वीकृति दी है। उल्लेखनीय है कि श्री गहलोत द्वारा बजट 2022-23 में महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट में विभिन्न विकास कार्य कराए जाने की घोषणा की थी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने गांवों में जाकर समस्याओं का किया निराकरण

- पूनिया तीन दिवसीय विधायक जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आमेर में लगभग 36 घंटे गावों-ढाणियों में आमजन से करेंगे संवाद
- कूकस में चाय की दुकान पर आमजन व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

जयपुर। विधायक जनसंवाद कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आज अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र में गांवों ढाणियों में पहुंचकर जनसुनवाई की, जिसमें आमजन की समस्याओं को सुनकर त्वरित निदान किया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ही सतीश पूनियां ने आमेर के कूकस में मुकेश शर्मा की चाय की दुकान पर आमजन व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। आज 26 जून से लेकर 28 जून तक निरंतर तीन दिवसीय विधायक जनसंवाद कार्यक्रम के तहत डॉ. पूनियां लगभग 36 घंटे आमेर में जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निराकरण करेंगे।

बता दें कि जयपुर में जनसंवाद कार्यक्रम, प्रदेशभर के संगठनात्मक प्रवास कार्यक्रमों के साथ ही प्रत्येक महीने अपने आमेर विधानसभा में डॉ. पूनियां के नियमित जनसंवाद के कार्यक्रम रहते हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. पूनियां जयपुर स्थित अपने जनसंवाद केन्द्र पर जयपुर रहने के दौरान प्रतिदिन सुबह 08 से दोपहर 11 बजे तक जनसुनवाई कर प्रदेशभर के आमजन व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हैं। डॉ. पूनियां ने आज जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आमेर के नांगल सुसावतान, कूकस, छापराड़ी, खोरामीणा, ढंड, एवं लबाना इत्यादि गावों में पहुंचकर जनसमस्याओं का निराकरण किया, साथ ही विकास कार्यों का निरीक्षण किया, अन्य जरूरी विकास कार्यों के बारे में विभिन्न गांवों में ग्रामवासियों से चर्चा कर जल्द पूरा कराने को कहा। डॉ. पूनियां ने संबोधित करते हुये कहा कि, आमेर का विकास आमेर परिवार के सब लोगों के परिश्रम और आशीर्वाद से संभव हो रहा है। आमेर परिवार के आशीर्वाद और अपनापन से ही आपके साथ कदम से कदम मिलाकर आमेर की विकास यात्रा में नये कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली इत्यादि तमाम क्षेत्रों के विकास में आमेर की नई पहचान बनी है, और इसी संकल्प के साथ आमेर के विकास को आगे बढ़ाते हुये पूरे राजस्थान में आमेर की नई पहचान बन रही है, जिसको हम और आगे बढ़ायेंगे। डॉ. पूनियां के साथ इस दौरान जयपुर देहात उत्तर जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवान शर्मा सहित स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

27 जून को डॉ. पूनियां आमेर के अचरोल, जैतपुर खींची में सुबह 8 से 11 बजे तक, सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चिताणु, जुगलपुरा, दोपहर 1 से 2.30 बजे तक कांट, सांगावाला, स्यारी, बान्यावाला, सायं 3 से 4 बजे तक सालडवा, चंदवाजी, पीलवा, सायं 4.30 बजे 5.30 बजे तक अरणिया, कंवरपुरा, हरचंदपुरा, सायं 6 से 7 बजे तक श्यामपुरा, चांदावास, कुशलपुरा इत्यादि गावों में जनसंवाद करेंगे।

पायलट जब जहर उगलेंगे तो सरकार के तबाह होने की संभावना प्रबल हो जाएगी : राठौड़

जयपुर। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि अब कांग्रेस का अंतर्द्वंद और अपमान की राजनीति चरम पर है। मुख्यमंत्री ने 5 साल से ज्यादा समय तक कांग्रेस का नेतृत्व करने वाले पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को कभी नकारा, निकम्मा व गद्दार कहा तो कभी बिना रगड़ाई के पद पाने पर तंज कसा।

राठौड़ ने कहा कि अब हदें पार हो गई जब मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री के सहारे से अपने धुर विरोधी सचिन पायलट को निशाने पर लेकर सरकार गिराने के षड्यंत्र का मुख्य सूत्रधार ही बता दिया। अगर मुख्यमंत्री के पास प्रमाण हो तो सचिन पायलट के विरुद्ध एसीबी में दायर 3 मुकदमों पर कार्रवाई क्यों नहीं करवाते? राठौड़ ने कहा कि कुछ दिन पूर्व कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने सचिन पायलट के धैर्य की तारीफ क्या कर दी, इससे गुस्साए मुख्यमंत्री पायलट के सरकार गिराने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाकर सीधे-सीधे कांग्रेस नेतृत्व को ही चुनौती दे डाली। नीलकंठ बने हुए पायलट जब जहर उगल जायेंगे तो सरकार के तबाह होने की संभावना प्रबल हो जायेगी।

माही परियोजना के कार्यों के लिए 545 करोड़ रुपए की मंजूरी

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बांसवाड़ा जिले में माही परियोजना के नहरी तंत्र/वितरिकाओं के सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार के विभिन्न कार्य करवाने के लिए 545 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की हैं।

इस कार्य से लगभग 80 हजार हैक्टेयर भूमि के सिंचाई जल की दक्षता में वृद्धि होगी। बांसवाड़ा जिले की तहसील बांसवाड़ा, घाटोल, गढ़ी, आनंदपुरी, बागीदौरा, तलवाड़ा, अरथुना में स्थित परियोजना के कमांड क्षेत्र में स्थित किसानों को लाभ मिलेगा।

चांदना ने तैयारियों का जायजा लिया

जयपुर, (का.सं.)। खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री अशोक चांदना ने रविवार को जनपथ स्थित युवा आवास परिसर का दौरा कर 27 जून को होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

खेल राज्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सोमवार को राजीव गांधी यूथ एक्सीलेंस सेंटर का शिलान्यास करेंगे। यूथ हॉस्टल का विस्तार होने से युवाओं को उत्कृष्ट सुविधाएं मुहैया हो सकेगी, जिससे राज्य के प्रतिभाशाली युवा, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट व गाईड, खिलाड़ी एवं साहसिक खिलाड़ियों आदि का सर्वांगीण विकास किया जा सकेगा।

कीर्तन अरदास का आयोजन किया

जयपुर। सुखमनी सेवा सोसायटी, बनीपार्क की ओर से प्रसिद्ध समाजसेवी टिम्मी कुमार के आवास पर सुखमनी साहिब पाठ, कीर्तन व अरदास का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व पर्यटन मंत्री, बीना काक एवं शहर के कई अन्य व्यक्ति शामिल हुए। इस अवसर पर काक ने कहा कि यह अपनी अन्तरात्मा की खोज करने वाला बहुत ही प्रभावी कार्यक्रम था।

भूपेश ने राज्य में नए आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने का अनुरोध किया

महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने रविवार को जयपुर के एक होटल में महिला एवं बाल विकास के तहत 8 वर्षों में अर्जित उपलब्धियों पर आयोजित जोनल मीट का उद्घाटन किया।

जयपुर, (का.सं.)। महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने केंद्र के समक्ष राज्य की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए नए आंगनबाड़ी केंद्रों को खोलने की स्वीकृति देने की मांग की। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना तथा उड़ान योजना के लिए भी केन्द्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा की।

भूपेश रविवार को जयपुर के एक होटल में महिला एवं बाल विकास के तहत 8 वर्षों में अर्जित उपलब्धियों पर आयोजित जोनल मीट को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजीपारा महेन्द्रभाई की उपस्थिति में केंद्र सरकार से आग्रह किया कि राज्य में 5 हजार नवीन आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि राज्य की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए केन्द्र सरकार नए आंगनबाड़ी खोलने की अनुमति दे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाया गया है, लेकिन केंद्र द्वारा उसी अनुपात में अंशदान नही दिया जा रहा है। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा 68 प्रतिशत का अंशदान दिया जा रहा है तथा केंद्र द्वारा मात्र 32 दिया जा रहा है। जबकि केन्द्र द्वारा 60 प्रतिशत का अंशदान देय है। उन्होंने मानदेय कर्मियों हेतु राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही अतिरिक्त राशि का 60 प्रतिशत अंशदान केन्द्र सरकार के स्तर से वहन किये जाने का आग्रह किया।

आमजन से एक करोड़ रुपये ठग चुका अफ्रीकन बदमाश दिल्ली से गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। मुहाना थाना पुलिस ने एक करोड़ रुपए से अधिक की साइबर ठगी करने के आरोप में अफ्रीकन नागरिक बाउंडिलाई निवासी बेन अली दियारा को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस 2 बदमाशों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से आधा दर्जन स्वैप मशीन, दो दर्जन एटीएम, डेबिट कार्ड व दो दर्जन फर्जी बिल बुक जप्त की है।

डीसीपी साउथ मृदुल कच्छावा ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा आमजन को विदेशी सामान सस्ते दामों पर बेचने के नाम पर सोशल मीडिया एप्स के माध्यम से झांसे में लेकर ठगी की वारदातें हो रही है।

अपराधियों की धरपकड़ के लिए टीम का गठन किया गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त भरत लाल मीणा के निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त हरिशंकर के सुपरविजन में थानाधिकारी मुहाना लखन सिंह खटाना की टीम ने यह कार्रवाई की। परिवादी हरदयाल ने 20 मई 2021 को मुहाना पुलिस थाना में रिपोर्ट दी थी कि साइबर ठग ने खुद को एलीका निवासी रोमानिया किमडॉन होना बताकर उसे महंगा विदेश मोबाइल सस्ते दामों में बेचने का झांसा दिया गया। आरोपियों ने फर्जी बिल परिवादी को व्हाट्सएप करके, एयरपोर्ट से डिलीवरी लेने के लिए कस्टम ड्यूटी जमा करवाने के नाम पर 25 हजार 500 रुपए खाते में जमा करवा लिए। बाद में डिलीवर किए जाने वाले पार्सल में विदेशी करेंसी होने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी की वारदात की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बाउंडिलाई निवासी बेन अली दियारा हाल निवासी संत नगर बुरारी दिल्ली, दिल्ली स्थित कृष्णापुरी तिलक नगर निवासी सौरभ चौहान व कमल लोहट को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रहीं है।

सार-समाचार

चिकित्सा व परामर्श शिविर आयोजित

जयपुर, (कासं)। प्राकृतिक चिकित्सा एवम सुजोक थैरेपी अपनाने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए हेल्थ एजुकेशन एवं लव फॉर पीपल सोसायटी व संग अर्श सामाजिक सेवा समिति द्वारा समाज नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श कैम्प लगाया गया। डॉ.दीपाली वार्ष्णेय अग्रवाल ने बताया कि कोरोना महामारी के वव्रत प्राकृतिक चिकित्सा बहुत ही कारगर रही। बढते प्रदूषण के कारण बार बार ऐसी स्तिथि ना आये इसके लिए प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाएं, प्रकर्ति के करीब आएं। डॉ. दीपाली ने साथ ही लोगों को सुजोक थेरेपी भी दी, काफी ज्यादा संख्या में लोगों ने कैम्प में आकर लाभ प्राप्त किया। हेल्प्स के अध्यक्ष प्रशांत चतुर्वेदी व संग अर्श के अध्यक्ष दीपक सिंघल ने बताया कि उन्होंने एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसके तहत वो पूरे जयपुर मे हर वार्ड में ऐसी कैम्प लगाएंगे और लोगों को प्राकतिक चिकित्सा अपनाने के लिए जागरूक करेंगे। इस मिशन में इनकी पूरी टीम प्रशांत गुप्ता, नेहा, निशिकांत गुप्ता, रेणु श्रीवास्तव, आयुष शर्मा, आशीष सोनी, दिव्यम अग्रवाल, तनिष्क अग्रवाल, डॉ कुलदीप और पंकज सैनी सहयोग कर रहे हैं। कैम्प्स की इस कडी में ये पांचवां कैम्प है जो सी 19 आईसीआईसी के पीछे खादी कॉलोनी बजाजनगर में विक्रम खेतान और कुलदीप शर्मा के सहयोग से रखा गया। कैम्प में करीब 125 लोगो का इलाज किया गया। इनमें सर्वाइकल, घुटने के दर्द, फैटी लिवर, डायबटीज़, थायराइड, डिप्रेशन, मोटापा, गैस के पेशेंट्स का इलाज किया गया,साथ ही उनको खान पान का तरीका और हल्दी, अजवाइन, मैथी, जीरा आदि के औषधिय गुण और लेने का तरीका बताया गया।साथ ही प्रकर्ति के करीब कैसे रहें व दिनचर्या कैसी होनी चाहिए इसके बारे में जानकारी दी।

बच्ची से बाइक सवार ने की छेड़छाड़

जयपुर (कासं)। शहर के प्रताप नगर इलाके में 12 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। गार्डन के पास खेलते समय बाइक सवार ने उससे छेड़छाड़ की। इस पर बच्ची ने घर से बाहर जाना बंद किया। आखिरकार मां के पूछने पर बच्ची ने आपबीती सुनाई। इस पर परिजनों ने प्रताप नगर थाने में छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस अज्ञात बाइक सवार की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रताप नगर के सेक्टर-8 निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि उसकी 12 साल की बच्ची से एक बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ की है। घटना के मुताबिक, 13 जून को उसकी बेटी घर के पास स्थित गार्डन में खेलने गई थी। दोपहर करीब 3 बजे गार्डन में खेलकर घर आने के लिए निकली। गार्डन से बाहर निकलते ही एक बाइक सवार युवक उसके पास आकर रूका। बाइक सवार ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर बाइक लेकर आरोपी वहां से भाग निकला। घर पर गुमशुम रहने और बाहर नहीं जाने पर मां को शक हुआ। मां ने दबाव बनाकर बच्ची से पूछा तो उसने बाइक सवार की करतूत के बारे में बताया। गुस्साए परिजनों ने शुक्रवार को थाने जाकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे फुटेजों को खंगालने के साथ बाइक सवार दरिंदे की तलाश कर रही है।

ड्रग्स के दुष्परिणामों के बारे में बताया

जयपुर (कासं)। जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने की ओर से शास्त्री नगर इलाके में स्थित भट्टाबस्ती में रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के अगद तंत्र विभाग द्वारा नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में यह एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन शास्त्री नगर की भट्टा बस्ती में किया गया। शिविर में सौ से अधिक मरीजों ने परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयों का फायदा लिया। इस अवसर पर नि:शुल्क दवाईयां, मनोवैज्ञानिक परामर्श तथा ड्रग्स के दुष्परिणामों के बारे में बताकर ड्रग्स का सेवन न करने के लिए जागरुक भी किया गया। शिविर में संस्थान के डॉ. अनिता, डॉ. अमोल, डॉ. दिनेश कुमावत, डॉ. रिंकेश, डॉ. रहीश, डॉ. नारायण एवं डॉ. किशोर दास ने भाग लिया।

ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करना सरकार की प्राथमिकता : भाटी

- ग्राम पंचायत कोलासर में 30 लाख की लागत से बनने वाले नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भूमि पूजन किया
- आमजन के अभाव अभियोग सुने और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

बीकानेर, (कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने रविवार को कोलायत विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलासर में 30 लाख की लागत से बनने वाले नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन तथा चारदीवारी का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

इस अवसर पर प्रधान पंचायत समिति बीकानेर लालचंद आसोपा सहित ग्रामीण उपस्थित थे। भाटी ने कहा कि गत तीन साल में कोलायत विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार हुआ है।

चिकित्सा संस्थानों को संसाधन उपलब्ध करवाएं है। कोलायत मुख्यालय पर ट्रोमा सेंटर का निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही विधानसभा के गांवों में उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी खुले हैं। एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कोलासर के स्वास्थ्य भवन का निर्माण तय समय सीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि इस उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्मोण इस प्रकार से हो कि अगर आवश्यकता पड़े तो उसका विस्तार किया जा सके। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि आमजन को गांव में ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। ग्रामीण क्षेत्रों में सब सेंटर बनने से ग्रामवासियों को बेहतर प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध होगी। सब सेंटर पर 10 प्रकार की बीमारियों की जांच नि:शुल्क करवा कर विभिन्न प्रकार की बीमारियों के उपचार के लिये 50 प्रकार की दवाईयां भी नि:शुल्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की गई है। उप स्वास्थ केन्द्र में परामर्श केन्द्र, वेलनेस सेंटर, लेबर रूम, 2 डे केयर यूनिट, ब्रेस्ट फीडिंग रूम एवं 2 नर्स क्वार्टर की सुविधा रहेगी। उप स्वास्थ्य केन्द्र इस भवन निर्माण समय सीमा व गुणवत्तापूर्ण हो अधिकारी यह सुनिश्चित करें।

उन्होंने आमजन के अभाव अभियोग सुने और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कोलासर के सरपंच राधेश्याम, पूर्व सरपंच अकासर प्रभु, रामनिवास गोदारा, ओमप्रकाश सैन, भंवरलाल, सोहनलाल शर्मा, सत्यनारायण उपाध्याय आदि उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर बच्छासर जीएसएस पहुंचे और चावड़ा बस्ती का स्वीकृत हो चुके जीएसएस निर्माण में हो रही देरी के बारे में स्पष्टीकरण मांगा।

उन्होंने कहा कि कार्यादेश जारी होने के बावजूद अभी तक कार्य पूरा नहीं होना गंभीर है। उन्होंने कहा कि जिस फर्म को ठेका दिया है, उससे समन्वय करते हुए कार्य समय पर पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि अगर ठेकेदार कार्य में रूचि नहीं ले रहा है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता विद्युत बी. आर. के. रंजन सहायक अभियन्ता विद्युत सुरेश भार्गव मौजूद थे।

कोलासर में ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया

बीकानेर, (कासं)। महर्षि पतंजलि योग संस्थान की ओर से रविवार को गजनेर रोड़ स्थित जवाहर पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य भूमिका निभाने वाले योग प्रशिक्षकों का सम्मान-समारोह आयोजित किया। साथ ही 'स्वस्थ बीकाणा संकल्प' के तहत विशाल निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जिसमें बड़ी तादाद में युवक-युवतियां, बच्चे, महिलाएं एवं वरिष्ठजनों ने हिस्सा लिया।

योग गुरू दीपक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुर्वेद विभाग, बीकानेर संभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. नरेन्द्र शर्मा थे। मुख्य अतिथि के आतिथ्य में हुए इस आयोजन में सभी योग प्रशिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नरेन्द्र शर्मा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'मानवता के लिए योग' थीम के तहत महर्षि पतंजलि योग संस्थान के योग प्रशिक्षकों ने आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि नियमित योग एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में अपनाकर ही स्वस्थ बीकाणा संकल्प को साकार किया जा सकता है।

योग संस्थान के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौधरी, शिविर संचालक नन्दलाल शर्मा, वरिष्ठ योग शिक्षक कन्हैयालाल सुथार एवं योग गुरू दीपक शर्मा ने मुख्य अतिथि डॉ. नरेन्द्र शर्मा का माल्यार्पण कर पुष्प गुच्छ भेंट किए।

सार-समाचार

सूरजप्रकाश की जयंती पर संगोष्ठी

बीकानेर, (कासं)। भारतीय विकास परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। सेवा के लिये उनकी अद्भुत सोच व विचार का परिणाम ही आज की भारत विकास परिषद है । उनकी कार्यशैली, व्यव्हार और कार्यकुशलता सभी अदभुत थे। उन्होंने सामाजिक, धार्मिक, राष्ट्रीय विषयों पर काम करते हुए इस संस्था को समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण और विकास में समर्पित किया। ये उद्गार परिषद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम शर्मा ने रविन्द्र रंगमंच में डॉ सूरजप्रकाश के 102 वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि नाम के अनुरूप ही डॉ सूरज प्रकाश ने भारत विकास परिषद के माध्यम से सेवा रूपी रोशनी को समाज में प्रकाशित करते हुए मानवता को नई राह दिखाई है। आज देशभर में भारत विकास परिषद की शाखाएं उन्हीं के दिखाये मार्ग पर चलकर सेवा के नये आयाम स्थापित कर रही है। मुख्य अतिथि महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने कहा कि सेवा समर्पण संस्कार का दूसरा नाम भाविप है। इन तीनों प्रकल्पों के माध्यम से मानवता को सेवित करने का काम परिषद के सदस्य कर रहे है। क्षेत्रिय महासचिव त्रिभुवन शर्मा ने कहा कि वे परिषद के प्रत्येक सदस्य के लिए आदर्श हैं। उनके मूल्य, उनकी नीतियां हम सबके लिए प्रेरणादायी है। प्रांतीय अध्यक्ष मोटाराम चाचान ने कहा कि डॉ सूरज प्रकाश राष्ट्र सेवा, भारत की अखंडता और मानव सेवा के लिए काम करना चाहते थे और इसी के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

वर्ल्ड तीरंदाजी में स्वामी का चयन

बीकानेर, (कासं)। चेक रिपब्लिक यूरोप में आयोजित होने वाली पैरा वर्ल्ड रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में बीकानेर के वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता श्यामसुंदर स्वामी का भारतीय टीम में चयन किया गया है। साथ ही इस दौरे पर भारतीय तीरंदाजी टीम के प्रशिक्षक के रूप में अनिल जोशी को शामिल किया गया है। 2 जुलाई से 10 जुलाई तक चेक रिपब्लिक में आयोजित होने वाली वर्ल्ड रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता मे भारत के 15 सदस्य खिलाड़ी एवं भारतीय तीरंदाजी टीम के प्रशिक्षक के रूप में अनिल जोशी शामिल होंगे। पैरा ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके श्याम सुंदर 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक प्राप्त करने के बाद काफी कांफिडेंस नजर आ रहे हैं। तीरंदाजी प्रशिक्षक अनिल जोशी ने बताया कि यह प्रतियोगिता भारतीय खिलाड़ियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि 2023 में वर्ल्ड चैंपियनशिप यूरोप में ही आयोजित होने वाली है और यहां से ओलंपिक कोटा भी प्राप्त होगा। पिछले 2 महीने से भारतीय तीरंदाज नई दिल्ली में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। भारतीय तीरंदाजी संघ व भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा पिछले महीने सिलेक्शन ट्रायल के आधार पर टीम का चयन किया गया। जोशी ने कहा कि एशियन गेम्स स्थगित होने के कारण खिलाड़ियों की पूरी नजर यूरोप टूर पर है। भारतीय टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। इस टीम में 6 ओलंपिक खिलाड़ी सहित 15 खिलाड़ी शामिल होंगे। इससे पहले श्याम सुंदर टोक्यो पैरा ओलंपिक, एशियन चैंपियनशिप, एशियन गेम्स, वर्ल्ड चैंपियनशिप, सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वहीं टीम के प्रशिक्षक 2016 भारतीय टीम के साथ काम कर रहे हैं।

संस्कार दूत सम्मान समारोह आयोजित

बीकानेर, (कासं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की जिला शाखा गायत्री शक्तिपीठ पुरानी गिन्नानी बीकानेर में संस्कार दूत समारोह का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट प्रबंध ट्रस्टी पवन कुमार ओझा ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित संस्कार दूत समारोह जिला समन्वयक करनीदान चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री माता, परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं भगवती देवी शर्मा के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। शोभा सारस्वत द्वारा शंख वादन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए देवीशरण शर्मा ने कहा कि निस्वार्थ भावना से किये कार्यों से जीवन ज्योतिर्मय बनता है। जिला समन्वयक करनीदान चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि देवपूजन, दान एवं संगति करना ही यज्ञ है। यज्ञ से पर्यावरण का शोधन होता है। गायत्री परिवार द्वारा हजारों शक्तिपीठों में प्रतिदिन यज्ञ नियमित रुप से होते है। वरिष्ठ कवियत्री प्रमिला गंगल ने संबोधित करते हुए कहा कि दुर्जन के पास विद्या आती है तो वे विवाद करते हैं। जबकि सज्जन विद्या के माध्यम से ज्ञान, दर्शन और परोपकार बढ़ाने का कार्य करते हैं। ट्रस्टी एवं मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सारस्वत ने बताया कि गत दिनों 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव तथा गायत्री मिशन में किये गये उल्लेखनीय कार्य के लिए 57 कार्यकर्ताओं को संस्कार दूत सम्मान देकर अभिनंदन किया गया।

नशा मुक्त समाज बनाने में सभी की भागीदारी जरूरी : एडीएम

बीकानेर, (कासं)। अंतराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर रविवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मंडल कार्यालय बीकानेर के रिडमलसर पुरोहितान सागर स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) पंकज शर्मा ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और नशा मुक्त समाज की परिकल्पना साकार करने में सभी जागरूक नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड मान महेंद्र सिंह भाटी, सीओ स्काउट बीकानेर जसवंत सिंह राजपुरोहित, सीओ चूरू महिपाल सिंह तंवर, सीओ झुंझुनूं महेश कलावत, सुयश लोढा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक एल. डी. पवार, मौजूद थे।

अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) ने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर तथा झुंझुनू के 125 प्रतिनिधियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से पांच दिवसीय ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी।

विभाग के उपनिदेशक एल. डी. पंवार ने बताया कि आमजन स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता के लिए अपनी प्रविष्टियां व्हाट्सएप के माध्यम से 0151-2202158 पर 30 जून तक भेज सकेंगे। विजेताओं की घोषणा 15 जुलाई को की जायेगी तथा उन्हें जिला प्रशासन की ओर से प्रशंसा पत्र दिए जाएंगे।

बीकानेर में नशामुक्ति दिवस कार्यक्रम को एडीएम सिटी पंकज शर्मा ने संबोधित किया।

ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के उपाय बताये

सूरतगढ़, (निसं)। सूरतगढ़ के सिटी पुलिस थाना में रविवार को सिटी थाना अधिकारी रामकुमार लेघा की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों व शहर के प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक का आयोजन किया गया। थाना अधिकारी रामकुमार लेघा ने लोगों को ऑनलाइन होने वाले फ्राड के बारे में बताया व इनसे बचने के उपाय आदि के बारे में भी चर्चा की गई।

वहीं थाना अधिकारी ने शहर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों व नशे पर अंकुश लगाने के लिए आमजन से पुलिस के सहयोग की अपील करते हुए पुलिस को ऐसे आपराधिक तत्वों की जानकारी देने की अपील की। थानाधिकारी लेघा ने महिला जागरूकता व महिलाओं के अधिकारों को लेकर बने कानूनों के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। उन्होंने आमजन से साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए सतर्क रहने व साइबर क्राइम के शिकार होते ही तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। इस दौरान बैठक में थाना के उपनिरीक्षक ओम प्रकाश मान व सीएलजी सदस्य संजय बैद, भरत मूंदड़ा, राजेश भाटी मौजूद थे।

प्लाट दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी ने मकान के पैसे अपने स्वयं के व दूसरों के खाते में अलग-अलग किश्तों में डलवा लिए

नोखा, (निसं)। नोखा पुलिस ने प्लाट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में मुख्य आरोपी बाबूलाल उपाध्याय को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि 3 मई 2022 को फतेहपुर निवासी सुशील कुमार सारस्वत ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि बाबूलाल उपाध्याय नाम के युवक ने उनके साथ प्लाट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर ली है।

पुलिस को दी शिकायत में सुशील ने बताया कि मेरा ससुराल रोडा नोखा में है। नोखा निवासी बाबूलाल उपाध्याय जो मेरा रिश्तेदार होने के कारण उसके घर मेरा आना जाना रहता है। करीब 14-15 महीने पहले बाबूलाल ने रोड़ा रोड पर एक बिकाऊ मकान मुझे व मेरी पत्नी को दिखाया तथा हमारे से मकान के पैसे अपने स्वयं के व दूसरों के खाते में अलग-अलग किश्तों में मंगवा लिए।

सुशील ने बताया कि बाबूलाल ने प्लाट व मकान के संबंध में एक झूठा व कूटरचित इकरारनामा तैयार कर इकरारनामा की शर्तों के अनुसार मुझे ना तो पैसे वापस दिए व ना ही मकान दिलवाया। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई गोविन्द सिंह को सौंपी।

वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत नोखा थाना स्तर पर गठित टीम ने मामले के मुख्य आरोपी पंचारिया चौक निवासी बाबूलाल को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में नोखा थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़, एएसआई गोविन्द सिंह, कानि. गणेश गुर्जर टीम में शामिल थे।

आचार्य महाश्रमण ने दी सदात्मा बनने की प्रेरणा

बीकानेर, (कासं)। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण त्रिदिवसीय प्रवास पर श्रीडूंगरगढ़ में है। तेरापंथ भवन में बड़ी संख्या में श्रावक समाज के साथ अन्य धर्म व समाज के लोगों ने आचार्य महाश्रमण का अभिनंदन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

तेरापंथ भवन में प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए आचार्य महाश्रमण ने कहा कि आत्माओं के चार रूपों में बांटा गया है। परमात्मा, महात्मा, सदात्मा व दुरात्मा।

जो सिद्ध आत्माएं होती हैं, सब राग द्वेष से मुक्त होती है वह परमात्मा होती है। जो साधु-संत आदि त्यागी महापुरुष होते है वह महात्मा होते हैं। गृहस्थ जो सदाचार से युक्त जीवन जीते हैं, वह सदात्मा एवं जो हिंसा, झूठ, चोरी व हत्या से लिप्त आत्माएं होती है दुरात्मा होती है।

आचार्य ने कहा कि उपासना, सामायिक, सेवा-दर्शन के साथ-साथ धर्म आचरण में भी उतरे यह आवश्यकता है। जीवन में सदाचार आये और दुरात्मा को तज कर व्यक्ति सदात्मा बनें तो जीवन सफल बन सकता है। श्रीडूंगरगढ़ प्रवास के दौरान दिनभर आचार्य के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने का क्रम चलता रहा।

आमजन को नशे के नुकसान बताये

बीकानेर, (कासं)। विश्व ड्रग दिवस के अवसर पर महेन्द्र सिंह मीणा उनि. कार्यवाहक प्रभारी यातायात शाखा द्वारा शहर के आमजन को नशा सेवन करने से शरीर एवं परिवार में होने वाली नुकसान व बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई।

राजेश कुमार सउनि, शिव गौरख सउनि व रामकेश सउनि द्वारा शहर के मुख्य टैक्सी-ऑटो स्टैण्ड पर टैक्सी चालकों को विश्व ड्रग दिवस पर नशे के सेवन से होने वाले नुकसान व बीमारियों के बारे में जानकारी दी। टैक्सी चालकों को जीवन में कभी नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

नोखा जिला अस्पताल में सात डॉक्टरों की नियुक्ति

नोखा, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान ने पीजी पुरी कर चुके डॉक्टरों को नियुक्ति आदेश जारी कर दिए। जिनमें जिला अस्पताल नोखा में सात डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है। यह जानकारी नोखा विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने दी।

विधायक बिश्नोई ने बताया कि बजट 2021-22 में नोखा सीएचसी को जिला अस्पताल का दर्जा दिया गया था। पिछले विधानसभा बजट सत्र में नोखा जिला अस्पताल में डॉक्टरों की नियुक्ति करने की मांग की थी।

इस पर आज विभाग ने नोखा जिला अस्पताल में सात डॉक्टरों की नियुक्ति की है।

जिनमें प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, पैथोलॉजी, शारीरिक चिकित्सा एवं पुनर्वास (पीएमआर), निवारक और सामाजिक चिकित्सा (पीएसएम), रेडियो डायग्नोसिस, चर्म रोग विशेषज्ञ, सर्जरी के पदों पर नियुक्ति की है।

विधायक बिश्नोई ने बताया कि जिला अस्पताल भवन बनाने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन प्लान एनएचएम पीआईपी 2021-22 के तहत 38.73 करोड़ बजट स्वीकृत है। जिला अस्पताल हेतु भूमि आंवटन हो गया है। अब ड्राइंग अप्रूवल की कार्यवाही चल रही है।

इसके होते ही हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू कर अगले तीन साल से कम समय में नए जिला अस्पताल भवन में सेवाएं शुरु करने का प्रयास किया जायेगा। वहीं नए डॉक्टरों की नियुक्ति करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादीलाल मीणा व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया।

कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आव्हान

- शहर भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी शहर जिला बीकानेर की जिला कार्यसमिति बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गांधी नगर स्थित जिला कार्यालय के सुन्दर सिंह भंडारी सभागार में आयोजित की गई।

जिला कार्यसमिति बैठक में मंडल सशक्तिकरण अभियान, 8 साल सेवा, सुशासन गरीब कल्याण पखवाड़ा, समर्पण निधि अभियान इत्यादि कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 90 वें संस्करण को भी सामूहिक रूप से देखा गया।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष और बीकानेर संभाग प्रभारी माधोराम चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, मुमताज अली भाटी, मंडल सशक्तिकरण अभियान प्रदेश सह संयोजक और विस्तारक राजेश गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, जिला महामंत्री मोहन सुराणा, अनिल शुक्ला, नरेश नायक इत्यादि मंचस्थ पदाधिकारियों के साथ अपेक्षित श्रेणी के राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारी, जिला, मंडल और मोर्चा पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य इत्यादि कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया ।

बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन और सामूहिक वंदे मातरम के साथ हुआ। जिला उपाध्यक्ष मधुरिमा सिंह ने हाल ही में दिवंगत हुए पार्टी कार्यकर्ताओं और उनके परिजनों के निधन पर शोक प्रस्ताव पढ़ा जिसके बाद दो मिनट का मौन रखकर सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई।

अखिलेश प्रताप सिंह ने गत जिला कार्यसमिति की बैठक के पश्चात आयोजित की गई संगठनात्मक गतिविधियों का वृत प्रस्तुत करते हुए आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। सिंह ने कार्यकर्ताओं से मंडल सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत बूथ स्तर तक पार्टी संरचना को मजबूत बनाने का आव्हान करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आव्हान किया।

बीकानेर में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी माधोराम चौधरी ने संबोधित किया।

अमर ज्योति भीनासर ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता खिताब

बीकानेर, (कासं)। भीम स्टार क्लब खरनाडा की ओर से आयोजित 28वीं डॉ. बी. आर. अम्बेडकर क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को रेलवे ग्राउंड में अमर ज्योति भीनासर और रॉयल स्टार क्बल के बीच खेला गया। जिसमें अमर ज्योति भीनासर ने रॉयल स्टार क्लब को हराकर फाइनल के खिताब पर कब्जा किया।

प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउंडेशन के महानिदेशक मदन गोपाल मेघवाल के प्रतिनिध कमल गोयल, पार्षद प्रतिनिधि युनूस अली, पत्रकार मोहन कड़ेला, मगनलाल पंवार, बाबूलाल, मघाराम सीमार, हीरालाल जनागल, पेंटर रमेश, ओमप्रकाश कड़ेला, राजेन्द्र पंवार, जितेन्द्र चौहान, लालचन्द हाटीला आदि अतिथि के रूप में पहुंचे। आयोजनकर्ता विनेश मेघवाल ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों के हाथों विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार दिया गया। विनेश मेघवाल ने बताया कि विजेता टीम को ट्रॉफी व 11000 हजार तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी और 7100 रूपयों का नगद पुरस्कार दिया गया।

इस मौके पर प्रतियोगिता के प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मनोज ने बताया कि फाइनल मुकाबले में अमर ज्योति भीनासर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 159 रनों का लक्ष्य रखा।

भीमराव अम्बेडकर फाउंडेशन के महानिदेशक मदनगोपाल मेघवाल ने विजेता अमर ज्योति भीनासर को ट्रॉफी से नवाजा।



क्रिकेट से उनके संन्यास ने कई खेल प्रेमियों को भावनात्मक रूप से प्रभावित किया। मिताली ना सिर्फ असाधारण खिलाड़ी रही बल्कि कई खिलाड़ियों की प्रेरणा भी रहीं। मैं भविष्य के लिए मिताली को शुभकामनाएं देता हूं। **– नरेन्द्र मोदी**

प्रधानमंत्री, भारतीय क्रिकेटर मिताली राज के बारे में।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

मीराबाई चानू

भारतीय स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू राष्ट्रमंडल खेलों में प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेंगी और उनका कहना है कि इनमें उनकी प्रतिस्पर्धा किसी और से नहीं बल्कि खुद से होगी। चानू का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 207 किग्रा (88 किग्रा 119 किग्रा) का है जो नाइजीरिया की स्टेला किंग्सले से बेहतर है जो उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी हैं और वह अब तक 168 किग्रा (72 किग्रा 96 किग्रा) का ही वजन उग्र सकी हैं। चानू ने पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने ओलंपिक में रजत पदक, एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य और एक विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

क्या आप जानते हैं ?... एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नामहै। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 33 और 123 रन बनाए।

मध्य प्रदेश ने 71 साल बाद जीती अपनी पहली रणजी ट्रॉफी

बेंगलुरू, 26 जून। अंग्रेज़ शासन काल के दौरान 1934 में शुरु हुई रणजी ट्रॉफी में मध्य प्रदेश का आगमन 1950-51 सत्र में हुआ था, और एमपी ने रविवार को 2021-22 सत्र के फाइनल मुकाबले में मुंबई को छह विकेट से हराकर 71 साल बाद अपना पहला रणजी खिताब जीत लिया।

मध्य प्रदेश ने बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हिमांशू मंत्री (37) और शुभम शर्मा (30) की बदौलत 108 रन के लक्ष्य को हासिल कर इतिहास रचा। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिये खेलने वाले रजत पाटीदार ने भी ''आरसीबी, आरसीबी'' के नारों के बीच बहूमूल्य 30 रन जोड़े। पाटीदार ने ही अंतिम रन बनाते हुए मध्य प्रदेश को उसका पहला रणजी खिताब जिताया।

मुंबई ने पांचवें दिन 113/2 से शुरुआत करते हुए तेजी से रन बनाये। अरमान जाफर (40 गेंदों पर 37 रन) के आउट होने के बाद क्रीज पर मौजूद सुवेद पारकर और सरफ़राज़ खान लय में दिख रहे थे, लेकिन कुमार कार्तिकेय ने पारकर को आउट कर मध्य प्रदेश के लिये दरवाजे खोल दिये। पारकर ने 58 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाकर 51 रन बनाये। मुंबई के शम्स मुलानी (17) और तुषार देशपांडे (07) रन आउट भी हुए जिसने मध्य प्रदेश के काम को आसान किया। 232 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद मुंबई की आखिरी उम्मीद सरफ़राज़ थे, मगर वह भी सिर्फ दो चौकों और एक छक्के की मदद से 45 रन ही बना सके। मुंबई ने अपने अंतिम सात विकेट 77 रन के अंदर खोये और टीम 269 रन पर सिमट गयी।

पहली पारी में 162 रन की बढ़त हासिल करने वाली एमपी के सामने 108 रन का लक्ष्य था, जिसे उन्होंने चार विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज यश दूबे सिर्फ एक रन बनाकर पवेलियन लौट गये थे और एक समय पर लग रहा था कि मैच रोमांचक हो सकता है, मगर हिमांशू और शुभम ने दबाव में संयम दिखाते हुए 52 रन की साझेदारी की।

हिमांशू के 54 रन पर आउट होने तक एमपी ने आधा रास्ता तय कर लिया था। चौथे नंबर पर आए पार्थ साहनी सिर्फ पांच रन ही बना सके, लेकिन शुभम ने टीम पर दबाव नहीं बढ़ने दिया और पाटीदार के साथ 45 रन की साझेदारी कर अपनी टीम के लिये पहली रणजी ट्रॉफी सुनिश्चित की। पहली पारी में शतक लगाने वाले शुभम ने दूसरी पारी में एक चौके और एक छक्के के साथ 30 रन बनाये। 101 रन के स्कोर पर शुभम बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में आउट हुए जिसके बाद पाटीदार ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

हमेशा लगता था कि 23 साल पहले यहां कुछ छूट गया है : पंडित

बेंगलुरू, 26 जून। मध्य प्रदेश के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित दो दशक से अधिक समय से दर्दनाक हार का बोझ उठाये हुए थे और रविवार को टीम के रणजी ट्राफी खिताब जीतने के बाद उनकी नम आंखों से मुंबई के ड्रेसिंग रूम की ओर सम्मान के तौर पर हाथ जोड़ने की प्रतिक्रिया को बखूबी समझा जा सकता है। रजत पाटीदार के मध्य प्रदेश के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण एक रन लेने के बाद मुख्य कोच पंडित के लिये एक चक्र पूरा हुआ जो 23 साल पहले बतौर खिलाड़ी राज्य की टीम को पहला रणजी ट्राफी खिताब जीतने की विफलता के बाद हुआ। रणजी ट्राफी जीतने के बाद थके हुए दिख रहे पंडित ने कहा, ''हर ट्राफी संतुष्टि देती है लेकिन यह विशेष है। मैं 23 साल पहले मध्य प्रदेश के कप्तान के रूप में इसे नहीं दे सका था। इतने वर्षों तक मुझे हमेशा महसूस हुआ कि यहां मेरा कुछ छूट गया है। इसलिये ही मैं इसके बारे में थोड़ा ज्यादा उत्साहित और भावुक हूं। खिलाड़ी के तौर पर पंडित काफी दिल तोड़ने वाली हार देख चुके हैं जिसमें उनकी सर्वश्रेष्ठ 39 रन की पारी चेपक में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टाई हुए टेस्ट में बनना शामिल है।

भारत, लेस्टरशर का अभ्यास मैच ड्रॉ

लेस्टर, 26 जून। भारत और लेस्टरशर के बीच चार दिवसीय अभ्यास मैच रविवार को ड्रॉ में समाप्त हुआ। भारत ने चौथे दिन 364 रन बनाकर लेस्टरशर के सामने 366 रन का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में लेस्टरशर ने दिन के अंत तक चार विकेट के नुकसान पर 219 रन बनाये। इस मैच से भारत कई सकारात्मक पहलू लेकर जा सकता है। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अभ्यास मैच की दो पारियों (33, 67) में कुल 100 रन बनाये।

सलामी बल्लेबाज़ शुभमन गिल भी लय में नज़र आये और उन्होंने लेस्टरशर की ओर से दूसरी पारी में खेलते हुए 62 रन बनाये। उन्होंने 77 गेंदों की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाये। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज़ में खराब प्रदर्शन करने वाले रिषभ पंत ने लेस्टरशर की ओर से पहली पारी में 14 चौकों और एक छक्के की बदौलत 76 रन बनाये। श्रेयस अय्यर ने भी दूसरी पारी में 62 रन बनाकर इंग्लैंड के खिलाफ एक जुलाई को शुरू होने वाले पांचवें टेस्ट के लिये अपनी दावेदारी पेश की। ऑल राउंडर रविंद्र जडेजा दूसरी पारी में 56 रन बनाकर नाबाद रहे।

इसके अलावा शीर्ष गेंदबाज़ मोहम्मद शमी ने पहली पारी में तीन विकेट लिये, हालांकि उन्हें दूसरी पारी में कोई विकेट हासिल नहीं हुआ। जडेजा ने चार, शार्दुल ठाकुर ने तीन और मोहम्मद सिराज ने दो विकेट लिये।

भारत को एक जुलाई से इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवां टेस्ट खेलना है। यह टेस्ट पिछले साल हुई पांच मैचों की श्रंखला का हिस्सा है, जो कई भारतीय खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित होने के बाद स्थगित हो गया था। भारत इस समय श्रंखला में 2-1 से आगे चल रहा है।

भारत ने 5-नेशन्स टूर्नामेंट में जीता रजत

डबलिन, 26 जून। भारतीय अंडर-23 महिला हॉकी टीम ने रविवार को यूनीफार अंडर-23 5-नेशन्स टूर्नामेंट के फाइनल में नीदरलैंड से 1-4 से हारने के बाद रजत पदक प्राप्त किया। नीदरलैंड ने आयरलैंड के यूसीडी डबलिन में हुए फाइनल मुकाबले के पहले हाफ में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। भारत ने दूसरे हाफ में वापसी का प्रयास किया, मगर डच टीम ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच को अपने शिकंजे में कस लिया। नीदरलैंड ने दूसरे हाफ में दो और गोल करके मैच 4-1 से जीता और 5-नेशन्स टूर्नामेंट का स्वर्ण अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट में फाइनल के अलावा एक भी मैच न हारने वाली भारतीय टीम को रजत से नवाज़ा गया। इससे पहले लीग स्टेज में नीदरलैंड के साथ हुए मुकाबले में भारत ने 2-2 से ड्रॉ खेला था, जबकि आयरलैंड, यूक्रेन और अमेरिका के खिलाफ भारत ने जीत दर्ज की थी।

चेन्नई ओपन शतरंज : बोरिस सावचेंको बने चैम्पियन

चेन्नई, 26 जून। रूस के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर बोरिस सावचेंको ने रविवार को यहां 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट 2022 में टाई-ब्रेक के जरिए भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिलवेल को हराकर चैंपियन बने।

सावचेंको और नितिन दोनों के 10 दौर में साढ़े आठ अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। रूस के खिलाड़ी ने हालांकि बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया।

नितिन नौवें दौर के बाद बढ़त बनाए हुए थे लेकिन आखिरी दौर में ग्रैंडमास्टर एलेक्सी फेडरोव (बेलारूस) के साथ मुकाबला ड्रॉ होने के बाद उनका अभियान साढ़े आठ अंक के साथ खत्म हुआ। इससे सावचेंको को तालिका में नितिन की बराबरी करने का मौका मिल गया। उन्हें आखिरी दौर के अपने मैच में अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष से कड़ी चुनौती मिली लेकिन वह भारतीय खिलाड़ी को शिकस्त देने में सफल रहे।

ग्रैंडमास्टर सावचेंको ने चेन्नई ओपन 2022 ट्रॉफी और तीन लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि उपविजेता नितिन को दो लाख रुपये मिले। बेलारूस के एलेक्सी फेडरोव और भारत के एल आर श्रीहरि ने आठ-आठ अंक हासिल किए, लेकिन फेडरेव बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के कारण तीसरे स्थान पर रहे।

स्विस प्रारूप में खेले गए इस टूर्नामेंट में 275-खिलाड़ियों ने भाग लिया। दस दौर के इस टूर्नामेंट में 11 ग्रैंडमास्टर और 14 अंतरराष्ट्रीय मास्टर सहित 275 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

मेयर्स के शतक से वेस्टइंडीज ने हासिल की बढ़त

ग्रॉस आइलेट, 26 जून। काइल मेयर्स (126 नाबाद) के शतक और कप्तान क्रेग ब्रेथवेट (51) के अद्धर्शतक ने वेस्ट इंडीज को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को 106 रन की बढ़त दिलायी। पहली पारी में बांग्लादेश को 234 रन पर समेटने के बाद कैरिबियाई टीम ने पहले दिन के अंत तक बिना किसी नुकसान के 67 रन बना लिये थे। दूसरे दिन मैच को यहीं से आगे बढ़ाते हुए ब्रेथवेट और जॉन कैम्पबेल ने 100 रन की साझेदारी की। शोरिफुल इस्लाम ने 78 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 45 रन बनाने वाले कैम्पबेल को आउट कर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलायी। कप्तान ब्रेथवेट भी अपना अद्धर्शतक पूरा करते ही 51 रन पर आउट हो गये। उन्होंने 107 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके लगाये।

इसके फौरन बाद ही वेस्ट इंडीज ने रेमन रीफर (22) और न्क्रुमाह बोनर (0) का विकेट भी गंवा दिया, मगर काइल मेयर्स और जरमेन ब्लैकवुड ने पारी को संभालते हुए 116 रन की साझेदारी की। आउट होने से पहले ब्लैकवुड ने 121 गेंदें खेलकर छह चौकों की मदद से 40 रन बनाये और टीम के स्कोर को 248 तक पहुंचा दिया।

इसके बाद मेयर्स ने विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और दिन का खेल खत्म होने तक वेस्ट इंडीज ने 340/5 रन बना लिये। इस दौरान मेयर्स ने अपना शतक भी पूरा किया। इस समय मेयर्स 180 गेंदों पर 15 चौकों और दो छक्कों की बदौलत 126 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं, जबकि डा सिल्वा 26 रन बनाकर खेल रहे हैं।

ओडिशा एफसी ने फर्नांडिज को मुंबई सिटी से ऋण पर लिया

भुवनेश्वर, 26 जून। ओडिशा एफसी ने रविवार को भारतीय मिडफील्डर रेनियर फर्नांडिज से करार की घोषणा की जो मुंबई सिटी एफसी के साथ 2020-21 सत्र में इंडियन सुपर लीग और शील्ड विजेता रह चुके हैं। मुंबई के 26 साल के खिलाड़ी को ओडिशा एफसी ने एक सत्र के लिये मुंबई सिटी एफसी से ऋण पर लिया है जिसकी ओर से वह तीन सत्र खेल चुके हैं। इसकी जानकारी क्लब ने एक बयान में दी।

फर्नांडिज ने अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण थाईलैंड में 2019 किंग्स कप में किया था। भारत के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिये टीम में शामिल किया था और उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टीम में भी चुना गया था। एयर इंडिया से अपना फुटबॉल करियर शुरू करने वाले फर्नांडिज ने संतोष ट्राफी में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया था।

अंडर-23 टूर्नामेंट के अंतिम मुकाबले में अमेरिका ने भारत को 4-1 से हराया

हेलसिंगबोर्ग, 26 जून। भारतीय महिला अंडर-23 टीम को तीन देशों के बीच खेले जा रहे 3-नेशन्स टूर्नामेंट के आखिरी मुकाबले में अमेरिका के हाथों 1-4 से हार का सामना करना पड़ा।

स्वीडन के हेलसिंगबोर्ग के लैरोड्स आईपी में शनिवार को हुए मुकाबले में भारत ने शानदार शुरुआत करते हुए आठवें मिनट में ही 1-0 की बढ़त हासिल की, लेकिन इसके बाद टीम के हाथ से मैच निकलता गया। अमेरिका ने पहले हाफ के अंत तक 1-1 से बराबरी कर ली, और दूसरे हाफ में आक्रामक खेल दिखाते हुए तीन और गोल दागकर 4-1 से मैच अपनी झोली में डाल लिया। भारत का एकलौता गोल प्यारी शाशा ने किया। अमेरिका की ओर से पहले मेसियाह ब्राइट ने गोल कर मैच को 1-1 पर ला खड़ा किया, जिसके बाद जेना निस्वोंगर ने फ्री किक को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को 2-1 की लीड दिलायी।

रोहित हुआ कोरोना संक्रमित

लेस्टर, 26 जून। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा कोरोना संक्रमित हो गए हैं। बीसीसीआई ने रविवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, ''भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का शनिवार को रैपिड एंटी-जेन टेस्ट हुआ जिसमें वह कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।'' रोहित शर्मा एक जुलाई से होने वाले पांचवें पुनर्निर्धारित टेस्ट के लिये भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड गये हैं। ट्वीट में कहा गया, ''वह इस समय टीम होटल में बीसीसीआई चिकित्सक दल की निगरानी में हैं।'' रोहित ने भारत और लेस्टरशर के बीच खेले जा रहे अभ्यास मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी भी नहीं की। उन्होंन पहली पारी में 25 रन बनाये थे। उल्लेखनीय है कि भारत के उपकप्तान केएल राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड दौरे पर नहीं जा सके थे। यदि रोहित एक जुलाई से शुरू होने वाले टेस्ट मैच से पहले स्वस्थ नहीं हो पाते, तो भारतीय टीम को इस एक मैच के लिए नया कप्तान चुनना होगा।

अच्छी टीमों के साथ पिच पर समय बिताना जरूरी : थॉमस डेनर्बी

नयी दिल्ली, 26 जून। भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के हेड कोच थॉमस डेनर्बी ने मेक्सिको के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले से पहले कहा कि टीम को अपने खेल में सुधार करने के लिये अच्छी टीमों के खिलाफ पिच पर समय बिताने की जरूरत है। भारत की अंडर-17 लड़कियां वर्तमान में छठे टोरनेओ महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग ले रही हैं जहां वे पहले ही इटली और चिली का सामना कर चुकी हैं, और रविवार, 26 जून को इटली के विलेसे में मैक्सिको से भिड़ेंगी।

डेनर्बी ने कहा, ''समय हमारे लिए महत्वपूर्ण है। जितना अधिक हम इस स्तर पर खेलते हैं उतना ही हम एक टीम के रूप में बेहतर होते हैं। उम्मीद है कि हम निरंतर सुधार के साथ इन मैचों को संभालना शुरू कर सकते हैं, लेकिन पहले सबसे बढ़कर, हमें मेक्सिको के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है।''

भारत को इस सप्ताह इटली और चिली जैसे श्रेष्ठ विरोधियों के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है, लेकिन डेनर्बी का मानना है कि एक टीम के रूप में प्रदर्शन करके ऐसी बाधाओं को दूर किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, ''लड़कियां लड़ रही हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अगर आप हमारी टीम की तुलना दूसरों से करते हैं, तो वे तकनीक में हमसे थोड़ी बेहतर हैं। वे थोड़े मजबूत हैं, थोड़े तेज हैं, इसलिए हमें एक टीम के रूप में इन मुकाबलों को खेलने की जरूरत है, न कि व्यक्तियों पर भरोसा करने की। उम्मीद है कि हम एक साथ अच्छा खेल कर अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।''

62 वर्षीय डेनर्बी ने कहा कि वह अपनी टीम को गोल स्कोरिंग क्षेत्र में सुधार करते हुए देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''जब हम इस स्तर की टीमों के साथ खेलते हैं, तो हमें अपने पास मौजूद गोल करने के अवसरों का उपयोग करने की आवश्यकता होती है। अगर हम ऐसा करते हैं, तो हम अच्छी स्थिति में होंगे। केवल एक चीज जो हम कर सकते हैं वह है कोशिश करना। हमें चिली के मुकाबले बेहतर खेल की जरूरत है।''

200 मीटर में तीसरी सबसे तेज भारतीय महिला बनी धनलक्ष्मी, हासिल किया स्वर्ण पदक

अल्माटी, 26 जून। शीर्ष फर्राटा धाविका सेकर धनलक्ष्मी ने कोसानोव स्मारक एथलेटिक्स मीट में रविवार को यहां 200 मीटर स्पर्धा में अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया , जबकि गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर और भाला फेंक खिलाड़ी रोहित यादव बिना प्रतिस्पर्धा किए भारत लौट आए।

धनलक्ष्मी ने 22.89 सेकंड का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और वह 23 सेकंड से कम समय लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी बन गयी। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल 23.14 सेकेंड का था। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप में 23.27 सेकेंड के समय के साथ 200 मीटर का स्वर्ण जीता था।

क्लीन स्वीप से 113 रन दूर इंग्लैंड

लीड्स, 26 जून। इंग्लैंड ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट में 296 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन के अंत तक रविवार को 183 रन बना लिये। सीरीज़ में 2-0 से आगे चल रही इंग्लैंड को अब न्यूजीलैंड को क्लीन स्वीप के लिये 113 रन की आवश्यकता है। चौथे दिन 168/5 से न्यूज़ीलैंड की पारी को आगे बढ़ाते हुए डैरिल मिशेल और टॉम ब्लंडेल ने 113 रन की साझेदारी की। मिशेल ने 152 गेंद पर नौ चौकों की मदद से 56 रन बनाये। वह तीन मैचों की इस सीरीज़ में 107.60 की औसत से 538 रन बनाकर सर्वश्रेष्ठ कीवी बल्लेबाज रहे हैं।

मिशेल के आउट होने के बाद ब्लंडेल ने न्यूज़ीलैंड की पारी को आगे बढ़ाया और वह 88 रन बनाकर नाबाद रहे, मगर जैक लीच ने दूसरे छोर से पुछल्ले बल्लेबाजों को तेजी से निपटाया और न्यूजीलैंड 326 रन पर ऑल-आउट हो गयी। लीच ने दोनों पारियों में पांच-पांच विकेट सहित मैच में कुल 10 विकेट लिये। यह टेस्ट क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। लीच के अलावा मैथ्यू पॉट्स ने तीन जबकि जेमी ओवरटन और जो रूट ने एक-एक विकेट लिया। इंग्लैंड ने 296 रन का पीछा करते हुए दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को जल्दी खो दिया।

रूस, बेलारूस के खिलाड़ियों और रैंकिंग के बिना खेले जाने वाले विंबलडन में सेरेना की वापसी

विंबलडन, 26 जून। शीर्ष रैंकिंग के पुरुष टेनिस खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव सोमवार से शुरू हो रहे विम्बलडन टूर्नामेंट अपने खेल कौशल का प्रदर्शन नहीं कर पायेंगे क्योंकि यूक्रेन के खिलाफ जंग छेड़ने के कारण मेजबान ऑल इंग्लैंड क्लब ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऑल इंग्लैंड के इस कदम के कारण पेशेवर टेनिस का संचालन करने वाले एटीपी और डब्ल्यूटीए ने घास के कोर्ट पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट से रैंकिंग अंकों को खत्म कर दिया है। इन सब के बावजूद टूर्नामेंट से सेरेना विलियम्स को महिला एकल में एक साल के बाद वापसी का मंच मिलेगा। कई बड़े खिलाड़ियों ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को प्रतिबंधित करने के फैसले की आलोचना की है। दिग्गज मार्टिना नवरातिलोवा ने कहा, यह गलत कदम है । इसमें खिलाड़ी क्या कर सकते है, क्या वे अपना देश छोड़ दे?''पुरुषों में तीन बार के गत चैम्पियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा, '' इसमें क्या सही है और क्या गलत यह कहना काफी मुश्किल है। 90 के दशक में जब मैं बच्चा था तब मैंने युद्ध को करीब से देखा है। मैं यूक्रेन के लोगों का दर्द समझ सकता हूं।'' सर्बिया के 35 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, '' इन सब के बावजूद मैं रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों के प्रतिबंधित करने के फैसले से सहमत नहीं हो सकता हूं।'' कुछ अन्य खिलाड़ियों के लिए हालांकि यह अलग तरह की सतह पर अपने कौशल के प्रदर्शन के साथ बड़ी पुरस्कार राशि जीतने के मौके की तरह है। अमेरिका के 24वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो ने कहा, इस बात को पचा पाना मुश्किल है कि यहां कोई रैंकिंग अंक नहीं होगा। लेकिन मैं यहां चीजों को हल्के में नहीं लूंगा।'' मौजूदा महिला चैंपियन ऐश बार्टी मार्च में 25 साल की उम्र में संन्यास ले चुकी है। आठ बार के पुरुष चैंपियन रोजर फेडरर घुटने के ऑपरेशन के बाद खेल में वापसी नहीं कर सके हैं। उन्होंने पिछले साल के विंबलडन के बाद से किसी भी टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया है। रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव फ्रेंच ओपन में अपने दाहिने टखने में चोट के कारण खेल से दूर है। दिग्गज सेरेना विलियम्स को वाइल्ड कार्ड मिलने से हालांकि टूर्नामेंट में थोड़ी रौनक होगी। तेइस बार की गैंडस्लैम विजेता सेरेना ने विंबलडन में सात बार एकल खिताब अपने नाम किया है। रिकॉर्ड 22 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले राफेल नडाल ने अपने पसंदीदा फ्रेंच ओपन खिताब को 14वीं बार हासिल करने के बाद विम्बलडन में भी अपनी रिकॉर्ड को सुधारना चाहेंगे। चोट से जूझने के बाद भी लगातार अच्छा खेलने वाले स्पेन के 36 साल के खिलाड़ी ने कहा, '' मैं बिना किसी परेशानी के चल पा रहा हूं। मेरे लिए यही मुख्य मुद्दा है। जब मैं सो कर उठ रहा हूं तो पहले की तरह दर्द महसूस नहीं कर रहा हूं।'' फ्रेंच ओपन की महिला एकल चैम्पियन इगा स्वियातेक लगातार 35 मैचों से चली आ रहे जीत के सिलसिले को और लंबा खींचना चाहेगी।

अदिति अशोक केपीएमजी चैम्पियनशिप में 47वें स्थान पर

बेथेस्डा (अमेरिका), 26 जून। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां महिला पीजीए चैंपियनशिप के तीसरे दौर के आखिरी नौ होल में वापसी करते हुए तीन बर्डी लगाकरपार 72 का स्कोर बनाया। बेंगलुरु की इस खिलाड़ी का कुल स्कोर अब तीन ओवर है, जिससे वह संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर है। भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा मेजर टूर्नामेंट खेलने वाली अदिति ने इस सत्र में अब तक औसत प्रदर्शन किया है। वह सत्र के एलपीजीए मेरिट सूची में 80वें स्थान पर हैं।

उमरान मलिक ने भारत के लिए किया टी-20 डेब्यू, आयरलैंड के खिलाफ मिला मौका

डब्लिन, 26 जून। आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 में जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज उमरान मलिक भारत के लिए अपना डेब्यू कर रहे हैं। उमरान को आयरलैंड दौरे पर टीम इंडिया में शामिल किया गया है। इससे पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 मैचों की घरेलू सीरीज में भी वह स्क्वाड में शामिल थे लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका नहीं मिला था। उमरान ने हाल ही समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग 2022 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन कर अपनी तेज गति की गेंदबाजी से प्रभावित किया था। बारिश के कारण यह मैच 12-12 ओवर का खेला जायेगा।

साढ़े तीन बजे से नहीं शुरू होगा भारत-इंग्लैंड का टेस्ट

फैंस के लिए किया समय में बदलाव

लंदन, 26 जून। इंग्लैंड और भारत के बीच रिशेड्यूल टेस्ट सीरीज का 5वां और आखिरी मैच 1 जुलाई से खेला जाना है। पिछले साल कोरोना की वजह से चार मैच के बाद यह सीरीज स्थगित कर दी गई थी। अब दोनों टीमें इस मुकाबले के लिए तैयार हैं। भारतीय टीम इंग्लैंड पहुंच चुकी है और लीसेस्टरशायर के खिलाफ अभ्यास मैच खेल रही है। इसके बाद टीम बर्मिंघम जाएगी। जहां यह टेस्ट मैच खेला जाना है।

इंग्लैंड में कोई भी टेस्ट मैच भारतीय समय अनुसार शाम 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होता है। इंग्लैंड में उस समय 11 बज रहे होते हैं, लेकिन डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक भारत और इंग्लैंड का टेस्ट मैच आधे घंटे पहले शुरू हो जाएगा। यानी भारत में यह मैच 3 बजे से ही लाइव दिखेगा। मैच की समाप्ति का समय 10 बजे होगा, जिसे आधे घंटे बढ़ाया जा सकता है। टीम को एक दिन में 90 ओवर फेंकने होते हैं।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय फैंस को देखते हुए यह फैसला किया है। लेकिन टी20 मैच की टाइमिंग में कोई बदलाव होने की रिपोर्ट नहीं है। तीन मैच की टी20 सीरीज के दो मैच भारतीय समय अनुसार रात 11 बजे शुरू होंगे। भारत में कोई भी टेस्ट मैच सुबह 9.30 मिनट पर शुरू होता है, लेकिन इंग्लैंड में ओस होने की वजह से मुकाबले की शुरुआत देरी से होती है।

मंगोलिया के पश्चिम में गोबी रेगिस्तान में कभी एक फलता-फूलता समृद्ध साम्राज्य था। धार्मिक शिक्षा, कला और व्यापार का केन्द्र रहे इस साम्राज्य के अब सिर्फ अवशेष बचे हैं। खारा खोटो (मंगोलियन भाषा में ब्लैक सिटी) की स्थापना 1032 ईस्वी में हुई थी। यह पश्चिमी शिया राजवंश (1038-1227) की राजधानी था। जल्दी ही यह एक प्रमुख व्यापारिक केन्द्र बन गया। सन् 1226 ईस्वी में इस पर चंगेज़ खान ने कब्ज़ा कर लिया पर उसने इस शहर को तहस नहस नहीं किया, जैसे कि चंगेज़ खान की सेना आमतौर पर अन्य शहरों के साथ करती थी। उल्टे यह शहर मंगोल शासन काल में खूब फला फूला। चंगेज़ खान के पोते, कुबलई खान के समय में यह शहर अपने मूल आकार से तीन गुना बढ़ गया था। मार्को पोलो ने अपने यात्रा वृतांत में ''एट्ज़ीना'' के नाम से इस शहर का जिक्र किया था। मंगोलों के शासन में स्थानीय टैंगूट लोग 10 सालों तक शांति से रहे। फिर 1372 ईस्वी में मिंग साम्राज्य ने इस पर कब्ज़ा कर लिया। किसी को भी नहीं पता कि इस शहर का पतन क्यों हुआ। स्थानीय कहानियों के अनुसार चालाक मिंग राजाओं ने शहर में पानी के एकमात्र स्रोत, एजिन नदी का मार्ग बदल दिया। यह नदी खारा खोटो शहर के बाहर से बहती थी। इसके बाद मिंग राजाओं की फौज ने शहर को घेर लिया। जनता के पास दो ही विकल्प थे, या तो प्यासे मर जाएं या सैनिकों से लड़ें। कहते हैं कि, मंगोल सेनापति खारा बातोर इस स्थिति से इतना त्रस्त हो गया कि, अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करके उसने आत्महत्या कर ली। एक अन्य कहानी है कि, सेनापति खारा बातोर शहर की चार दीवारी के उत्तरी पश्चिमी कोने को तोड़कर भाग गया। मिंग सैनिकों ने ना केवल शहर के सभी लोगों को मार डाला बल्कि मवेशियों और घोड़ों को भी काट दिया। इसके बाद खारा खोटो उजड़ गया। बीसवीं सदी के आरंभ में रुसी खोजी यात्री, प्योत्र कुज़मिक कोज़लोव के नेतृत्व में हुई मंगोल शिचुआन खोज यात्रा में शहर का पता चला। इस खोज के दौरान टैंगूट भाषा की 2000 किताबें और पांडुलिपियां, तथा एक स्तूप में बौद्ध धर्म की मूर्तियां और लकड़ी की कलाकृतियां मिलीं। यह सारा खजाना सेंट पीटर्सबर्ग भेज दिया गया। बाद में हुई खोजों में कई किताबें रोजमर्रा की वस्तुएं, धार्मिक कलाकृतियां आदि भी मिलीं।

'प्रधानमंत्री अब फौजियों को नो रैंक नो पैंशन का संदेश दे रहे हैं'

कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि, अग्निपथ योजना के विरोध में राजस्थान के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधायकों की मौजूदगी में होगा धरना प्रदर्शन

जयपुर, 26 जून (का.प्र.)। कांग्रेस अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग करते हुए 27 जून को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने जा रही है और राजस्थान में भी सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधायक/विधायक प्रत्याशी और प्रमुख नेताओं के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन और सभाओं का आयोजन होगा।

इससे पहले रविवार को अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग करते राज्यसभा सांसद और कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ने केन्द्र की अग्निपथ स्कीम में रजिस्ट्रेशन के मुद्दे पर कहा कि देश के नौजवान इसमें रजिस्ट्रेशन कराएं, हमें कोई ऐतराज नहीं है। हम देश के युवा की आवाज उठा रहे हैं। युवा स्वतंत्र है। जिसको लगता है कि, केन्द्र सरकार की अग्निवीर स्कीम में रजिस्ट्रेशन कराएं तो हमें कोई ऐतराज नहीं है। हालांकि उन्होंने कहा कि शांति पूर्ण विरोध करें। केंद्र सरकार को भी कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए कि कोई शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात कहे। सरकार को भी संयम और बड़ा दिल रखना चाहिए।

हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने संयुक्त रूप से

- **उन्होंने कहा कि, कांग्रेस पूरे देश भर में सभी विधानसभा क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन करेगी।**

संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बहुत से नौजवान इस स्कीम में अपना रजिस्ट्रेशन करवाएंगे। देश में बेरोजगारी का यह आलम है कि बहुत से नौजवान स्वाभाविक तौर पर रजिस्ट्रेशन करवाएंगे। देश में कहीं कोई चपरासी की पोस्ट भी निकलती है, तो पी.एच.डी. तक योग्यता वाले युवा उसमें आवेदन करते हैं। केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों और सत्ता के कारण देश के युवाओं की ये हालात हैं। ऐसे में उस बात से सरकार को स्कीम की सफलता का अंदाजा नहीं लगाना चाहिए।

हुड्डा ने कहा केन्द्र सरकार देश के किसी भी छोटे गांव-कस्बे में चली जाए। हम निमंत्रण देते हैं राजस्थान में भी केन्द्र सरकार आए। मोदी अपना हेलिकॉप्टर सुबह 5-6 बजे उतार दें। राजस्थान हरियाणा में प्रैक्टिस करने वाले युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया होगा। उनसे पूछ लें क्या यह योजना ठीक है। इससे वो संतुष्ट हैं या नहीं हैं?

हुड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार सेना में पेंशन रोकने के लिए अग्निपथ स्कीम लाई है। हरियाणा में रेवाड़ी की वीर भूमि से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वन रैंक, वन पेंशन का नारा दिया, लेकिन अब दिल्ली से नो रैंक नो पेंशन का संदेश फौजियों में दिया है, जो नैगेटिव है। एन.डी.ए. सरकार के रक्षा बजट में पिछले 5 साल में बड़ी कटौती हुई है। साल 2017-18 में रक्षा बजट 17.8 फीसदी था। 2020-21 में यह घटकर 13.9 फीसदी रह गया। इतनी भारी गिरावट तब हुई है, जब चीन हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। कई-कई किलोमीटर अंदर तक चीन की फौज चली गई। जब सरकार और फौज ने खुद देश के सामने यथास्थिति रखी हो। जब पाकिस्तान और चीन दोनों एक होकर टू फ्रंट वॉर की बात करते हों, ऐसे समय में रक्षा बजट में भारी कटौती कौन सी देशभक्ति है।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि केन्द्र की अग्निपथ स्कीम में अग्निवीर सैनिकों की भर्ती रोकने और रोल बैक की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी देशभर में 27 जून को धरने प्रदर्शन करेगी। राजस्थान में भी सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक धरना दिया जाएगा। कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश में कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता धरना देंगे। नौजवान के हक, राष्ट्र सुरक्षा के हित, देश की फौज को कमजोर नहीं होने देने को लेकर यह धरना होगा। राजस्थान में कांग्रेस ने इसकी बहुत जबरदस्त तैयारी की है। राजस्थान के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस धरने-प्रदर्शन करेगी।

सपा के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मशीनरी का दुरुपयोग करके रामपुर की जनता की जीत को हार में बदल दिया। उन्होंने रामपुर में भाजपा प्रत्याशी की जीत को लोकतंत्र की हार करार देते हुए कहा ''बहुत अच्छी बात है, वह (भाजपा) जीत गए, लेकिन यह जीत नहीं है उनकी। इसी तरह तो उन्होंने उत्तर प्रदेश की सरकार भी बना ली है और मैं शर्म व एहसास दिलाना चाहूंगा उन तमाम ताकतों को, जो लोकतंत्र को कमजोर कर रही हैं।''

शिवसेना के बागी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किसी अन्य पार्टी में विलय नहीं करते, अयोग्यता लागू होती है। आज तक विलय नहीं हुआ, उन्होंने स्वेच्छा से सदस्यता छोड़ी है।

संविधान के तहत, उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में स्पीकर की शक्ति होती है और ऐसे मामलों पर निर्णय ले सकता है। अविश्वास प्रस्ताव विद्रोहियों द्वारा एक अनधिकृत ईमेल पते के माध्यम से भेजा गया था।

महाराष्ट्र में सियासी घटनाक्रम गहराता ही जा रहा है। इस बीच खबर है कि राज्य में सरकार बनाने के लिए भाजपा भी सक्रिय हो गई है। पहले भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के बीच मुलाकात की खबरें सामने आई थीं। अब खबर है कि शनिवार देर रात असम के मंत्री अशोक सिंघल भी शिवसेना के बागी विधायकों से मिलने गुवाहाटी के रैडिसन ब्लू होटल पहुंचे। इन सबके बीच असली शिवसेना को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया है। शिंदे गुट की ओर से बालासाहेब के नाम पर अगल पार्टी का मामला चुनाव आयोग तक पहुंच सकता है।

एकनाथ शिंदे द्वारा ट्वीट किए गए वीडियो में बागी विधायक भरतशेत गोगावाले ने कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने 2.5 साल में उन शिवसेना विधायकों के साथ बैठक नहीं की, जो 2019 में विधानसभा चुनाव हार गए थे। इसके विपरीत राज्य के डिप्टी मुख्यमंत्री ने 2019 के विधानसभा चुनाव हारने वाले एन.सी.पी. उम्मीदवारों को धन दिया।

प्रदेश में पिछले छह दिनों से रोज सौ से अधिक नए करोना संक्रमित मिले रहे हैं

राज्य में रविवार को 161 नए संक्रमित मिले, इससे पहले शनिवार को 122 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 26 जून। प्रदेश में पिछले छह दिनों से नए करोना संक्रमितों की संख्या सौ से ऊपर बनी हुई है। इस दौरान राज्य में रविवार को भी थोड़ी और वृद्धि के बाद 161 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर साढ़े आठ सौ के पार हो गए हैं।

प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसके चलते रविवार को 13 जिलों में 161 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 122 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी पिछले चौबीस घंटों में नए संक्रमितों की संख्या में लगभग दोगुना वृद्धि हुई है। इस दौरान जिले में 66 नए मरीज सामने आए हैं। इसके अलावा जोधपुर में 24, बीकानेर में 22, अलवर में 12, अजमेर में 10, नागौर में 7, भीलवाड़ा, उदयपुर में 6-6, चूरू में 3, झालावाड़ में 2, बांसवाड़ा, जालौर, चितौड़गढ़ में 1-1 नए संक्रमित मिला है। हालांकि इस बीच 20 जिलों बारां, बाड़मेर, भरतपुर, बूंदी, दौसा, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, झुंझुनूं, करौली, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। प्रदेश में रविवार को नए संक्रमितों के मुकाबले में रिकवरी कम हुई है। इस दौरान 12 जिलों में 125 संक्रमित ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 858 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 328 मामले जयपुर में है। इधर राहत की बात यह रही कि रविवार को करोना से राज्य में किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि, प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9563 लोगों मृत्यु हो चुकी है।

- **राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 66 नए संक्रमित सामने आए हैं। इनमें मालवीय नगर में 9, जगतपुरा में 8 जबकि मानसरोवर व वैशाली में 6-6 मरीज मिले हैं।**
- **प्रदेश में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर साढ़े आठ सौ से अधिक हो गए हैं।**

राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 26 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 9 नए संक्रमित मालवीय नगर में पाए गए हैं। इसके अलावा जगतपुरा में 8, वैशाली नगर व मानसरोवर में 6-6, सिविल लाइंस व सांगानेर में 5-5, दुर्गापुरा में 4, जवाहर नगर में 3, सोडाला व गोविंद नगर में 2-2, ब्रह्मपुरी, तिलक नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, बाइस गोदाम, निर्माण नगर, राजापार्क, लालकोठी, आदर्श नगर, अजमेर रोड, बजाज नगर, बनीपार्क, बापू नगर, बैनाड़ रोड, सी-स्कीम व शास्त्री नगर इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला हैं। वहीं एक संक्रमित का पता सही नही होने पर उसे ट्रेस किया जा रहा है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 64 रोगी ठीक हुए हैं।

अग्निपथ के खिलाफ कांग्रेस ने 20 राज्यों में प्रैस कॉन्फ्रेंस की

कांग्रेस प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि, सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन करेंगे

नई दिल्ली, 26 जून (वार्ता)। कांग्रेस ने अग्निपथ योजना को देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक बताते हुए इसे युवकों के साथ धोखा करार दिया और कहा कि यह फैसला सेना का नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के जनविरोधी रवैया का परिणाम है।

कांग्रेस प्रवक्ता शक्तिसिंह गोहिल रविवार को यहाँ पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस इस फैसले का कड़ा विरोध कर देशभर में युवाओं को बता रही है कि सरकार उनके साथ धोखा कर रही है। देश के 20 राज्यों की राजधानियों में आज एक साथ संवाददाता सम्मेलन कर सरकार की इस नीति के खिलाफ युवाओं को जागृत किया जा रहा है और पार्टी प्रवक्ता प्रेस कॉन्फ्रेंस कर युवाओं को

- **गोहिल ने कहा कि, अग्निपथ योजना सेना का फैसला नहीं है। यह जबरदस्ती सेना पर थोंपा गया है।**

जगाने का काम कर रहे है और इसी क्रम में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता देश के हर विधानसभा क्षेत्र में अग्निपथ योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

प्रवक्ता ने कहा की अग्निपथ योजना सेना का फैसला नहीं है, यदि सेना यह निर्णय लेती तो दो साल से चल रही सेना में भर्ती की प्रक्रिया पहले ही रोक दी जाती और युवाओं को नई योजना के तहत सेना में शामिल होने के लिए कहा जाता।

सेना युवकों के साथ धोखा नहीं कर सकती है इसलिए सरकार ने जब देखा कि पूरे देश में इस योजना का विरोध हो रहा है तो उसने सारा जिम्मा सेना पर थोप दिया।

उन्होंने कहा कि पूर्व सी.डी.एस. जनरल बिपिन रावत ने भी कहा था कि सेना में अनुभव महत्वपूर्ण होता है इसलिए एक सैनिक को 58 साल की उम्र में सेवानिवृत्त किया जाना चाहिए लेकिन मोदी सरकार अपने ही द्वारा नियुक्त सी.डी.एस. की भावना के खिलाफ निर्णय ले रही है।

राहुल गांधी ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होगा कि सचिन पायलट अपने ऊपर हुए इस हमले का जवाब देते हैं या फिर हमेशा की तरह चुप्पी साध कर धैर्य का परिचय देते हैं।

यहां राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राहुल गांधी से ई.डी. की पूछता समाप्त होने के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय में हुई राहुल गांधी की सभा से पहले ही जयपुर लौट आए थे, जबकि उस दिन पूरे देश के सांसद विधायकों सहित प्रमुख नेताओं को वहां मौजूद रहना था।

इतना ही नहीं इस कार्यक्रम के लिए विशेष तौर पर मुख्यमंत्री एक दिन पहले ही रात को जोधपुर से दिल्ली गए थे। उस घटनाक्रम से पहले ऐसा क्या हुआ कि लगातार चार दिन दिल्ली में सक्रिय रहने वाले मुख्यमंत्री राहुल गांधी का भाषण सुने बिना ही जयपुर लौट आए। उनके लौटने के बाद उसी सभा में राहुल गांधी ने धैर्य की बात करते हुए सचिन पायलट का उदाहरण भी दिया।

ऐसे में शनिवार को सीकर में मुख्यमंत्री ने जिस तरह से सचिन पायलट का नाम लेकर आरोप लगाया है, उसे लेकर कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने सचिन पायलट के धैर्य को तोड़ने के लिए तथा राहुल गांधी को गलत साबित करने के लिए ही इस तरह का बयान दिया है।

अब 27 जून को जब सचिन पायलट राजस्थान में अपनी विधानसभा क्षेत्र में होंगे, तो देखना यह होगा कि वे किस भाषा में मुख्यमंत्री की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब देते हैं या फिर राहुल गांधी को सही साबित करते हुए एक बार फिर धैर्य रखते हैं। हालांकि इस बार यह काम इसलिए मुश्किल हो सकता है कि पहली बार नाम लेकर उन्हें मुख्यमंत्री की ओर से आरोपी बताया गया है तो वहीं मुख्यमंत्री के नजदीकी नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल की ओर से उस बयान का समर्थन किया गया है।

इसका मतलब यह भी हो सकता है कि मुख्यमंत्री खेमा इस लड़ाई को खत्म करने के मूड में नहीं है।

बोरिस जॉनसन की तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर नजर

लंदन , 26 जून (वार्ता)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा है कि वह कंजरवेटिव सांसदों द्वारा हटाये जाने के खतरे के बीच 2030 में तीसरे कार्यकाल की सेवा पर सक्रिय रुप से विचार कर रहे हैं।

जॉनसन ने रंवाडा के किगाली में राष्ट्रमंडल प्रमुखों की बैठक के अंतिम दिन कहा कि सरकार एकजुट होने और स्तर बढ़ाने की एक विशाल परियोजना पर काम शुरू की है।

अगले चुनाव में क्या वह कंजरवेटिव का नेतृत्व करेंगे के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हां, मैं जीतूगां, मैं तीसरे कार्यकाल के लिए सक्रिय रुप से सोच रहा हूं , तब क्या हो सकता है। जब मैं इसे प्राप्त करूंगा तो इसकी समीक्षा करूंगा।

स्काई न्यूज के अनुसार प्रधानमंत्री को आशा है कि उनकी रवांडा यात्रा से पूर्वी अफ्रीकी देश सकारात्मक ढंग से प्रभावित होंगे। क्योंकि ब्रिटेन में शरण चाहने वालों को वहां से स्थानांतरित करने की सरकार की विवादास्पद योजना को काफी विरोधों का सामना करना पड़ा था। रविवार को जॉनसन जी 7 सम्मेलन में और मंगलवार से स्पेन में नाटो की बैठक में भाग लेंगे।

'लोकसभा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

का कहना है कि संगरूर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में उन्हें जीत मिली है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के लिए यह जीत काफी अहम है।

2.35 लाख आयकर दाता किसान उठा रहे हैं किसान सम्मान निधि

नई दिल्ली, 26 जून। उत्तर प्रदेश में किसानों की इनकम टैक्स रिटर्न की जांच में पता चला है कि, करीब 2.35 लाख किसान सरकार को धोखा देकर फर्जी तरीके से किसान सम्मान निधि उठा रहे हैं। ये किसान आई.टी.आर. चुकाने वाले हैं मगर मुफ्त के सरकारी छह हजार रुपये सालाना मिल रहे हैं तो छोड़े क्यों जाएं। इसी लोभ ने प्रदेश के 2 लाख 35 हजार किसानों को दागी बना दिया।

वित्तीय वर्ष 2017-18 और 2018-19 के आयकर रिटर्न खंगाले गए तो उत्तर प्रदेश से अब तक कुल 2 लाख 35 हजार किसान ऐसे मिले जिन्होंने इन्कम टैक्स अदा किया और किसान सम्मान निधि भी हासिल की। ऐसा तब किया गया जबकि किसान सम्मान निधि के नियम व शर्तों में यह स्पष्ट किया गया है कि किसान सम्मान निधि उसी किसान को मिलेगी जो भारत का नागरिक होगा, जिसकी खेती होगी और जो आयकरदाता नहीं होगा। अब इन सभी को किसान सम्मान निधि योजना में अपात्र मानते हुए इनसे निधि की अब तक प्राप्त की गई सारी राशि वसूली जा रही है। इन्हें नोटिस जारी किए गए हैं।

'भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का भरपूर लाभ उठायेगा'

म्यूनिख, 26 जून। जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जर्मनी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय समुदाय को संबोधित किया। यहां भारतीयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने म्यूनिख में प्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज 26 जून है जो उस दिन के लिए भी जाना जाता है जब भारत का लोकतंत्र, जो हर भारतीय के डी.एन.ए. में है उसे 47 साल पहले कुचला और दबा दिया गया था। आपातकाल भारत के लोकतंत्र के जीवंत इतिहास पर एक काला धब्बा था।''

- **म्यूनिख (जर्मनी) में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्र.मंत्री मोदी ने एमरजेंसी के दिनों को याद करते हुए कहा कि, भारतीय लोकतंत्र हर आपदा पर विजय पाता है।**

जर्मनी के म्यूनिख में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछली शताब्दी में, जर्मनी और अन्य देशों ने औद्योगिक क्रांति से लाभ उठाया। भारत उस समय गुलाम था इसलिए लाभ नहीं उठा सकता था। लेकिन अब चौथी औद्योगिक क्रांति में भारत भी पीछे नहीं रहेगा, अब यह दुनिया में अग्रणी है। मोदी ने कहा कि आज हमारे देश का हर गांव खुले में शौच मुक्त है, बिजली है और 99 गांवों में भी खाना पकाने का स्वच्छ ईंधन है। भारत पिछले 2 साल से 80 करोड़ गरीब लोगों को मुफ्त राशन मुहैया करा रहा है। भारत में अब हमारे पास हर 10 दिन में एक बिलियन डॉलर से बड़े स्टार्टप खड़ा हो रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम भारतीयों को अपने लोकतंत्र पर गर्व है। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है। संस्कृति, भोजन, कपड़े, संगीत और परंपराओं की विविधता हमारे लोकतंत्र को जीवंत बनाती है। मोदी ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि लोकतंत्र परिणाम दे सकता है और दिया भी है। भारत में जलवायु परिवर्तन सिर्फ नीतियों का मामला नहीं है। सतत जलवायु आचरण भारत के लोगों के जीवन का एक हिस्सा बन गया हैं। हमने देश में 10 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए हैं। अब लोग देश को स्वच्छ रखना अपना कर्तव्य समझते हैं।

'असम से यहां 40 विधायकों के सिर्फ शव लौटेंगे'

शिवसेना सांसद संजय राउत ने बागी विधायकों के खिलाफ यह बयान दिया और कहा कि, उनके शवों को हम पोस्टमार्टम के लिए विधानसभा भेजेंगे

मुंबई, 26 जून। शिवसेना सांसद संजय राउत ने बागी विधायकों के खिलाफ विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अब यहां 40 विधायकों के सिर्फ शव लौटेंगे, जिसे हम पोस्टमार्टम के लिए विधानसभा भेजेंगे।

एक सभा को संबोधित करते हुए संजय राउत ने कहा, जो 40 लोग वहां हैं वे ज़िंदा लाश हैं। ये मुर्दा हैं। उनके शव यहां आएंगे। उनकी आत्मा मरी हुई है। ये 40 लोग जब उतरेंगे तो मन से ज़िंदा नहीं होंगे। उन्हें मालूम है कि ये जो आग लगी है उस से क्या हो सकता है। आकर दिखाएं वे।

हम नामर्द नहीं इससे पहले भी भड़काऊ बयान देते हुए संजय राउत ने कहा था, आप यहां से गुवाहाटी तक सब कुछ करेंगे और हम अपना गुस्सा भी नहीं निकालेंगे तो कैसा होगा? तो हम क्या नामर्द हैं, हम नामर्द नहीं हैं। उन्होंने कहा था, क्या होगा सत्ता चली जाएगी ज्यादा से ज्यादा और क्या होगा? सत्ता जाती है और सत्ता आती भी है।

बागी विधायकों को सुरक्षा वहीं दूसरी ओर, महाराष्ट्र में बागी विधायकों के खिलाफ शिवसैनिकों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए शिवसेना के 15 बागी विधायकों को केंद्र सरकार ने वाई प्लस कैटेगरी सुरक्षा प्रदान की है। कई जगहों पर शिवसैनिकों ने बागी विधायकों के दफ्तर को निशाना बनाया है। बागी विधायकों ने आरोप लगाया था कि उनके परिवार की सुरक्षा को वापस ले लिया गया है। बागी गुट के नेता एकनाथ शिंदे ने कहा था कि अगर हमारे विधायकों के परिवार को कुछ होता है तो इसके लिए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे जिम्मेदार होंगे। वहीं, एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार ने कहा कि हमारी पार्टी का पूरा समर्थन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ है। उन्होंने कहा, एकनाथ शिंदे और उनके साथ गुवाहाटी गए अन्य विधायकों ने एक नया गठबंधन बनाने के लिए कहा है, लेकिन एन.सी.पी. और कांग्रेस की नीति हमारे द्वारा बनाई गई गठबंधन सरकार का समर्थन करने के लिए स्पष्ट है। शरद पवार ने कहा, महाराष्ट्र में एम.वी.ए. सरकार है और हम इसका समर्थन जारी रखना चाहते हैं। एकनाथ शिंदे और अन्य विधायक सरकार में एन.सी.पी. के साथ थे। पिछले ढाई सालों में उन्हें कोई समस्या नहीं हुई। ये आज ही क्यों हुई? यह तो बस एक बहाना है, लेकिन हम आखिरी समय तक मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का समर्थन करेंगे।

- **इस बीच केन्द्र सरकार ने शिवसेना के 15 बागी विधायकों को वाई कैटेगरी की केन्द्रीय सुरक्षा मुहैया कराई है।**
- **शरद पवार ने कहा कि, अंत तक हमारा उद्धव ठाकरे को समर्थन जारी रहेगा।**
- **शरद पवार ने कहा, महाराष्ट्र में एम.वी.ए. सरकार है और हम इसका समर्थन जारी रखना चाहते हैं। एकनाथ शिंदे और अन्य विधायक सरकार में एन.सी.पी. के साथ थे। पिछले ढाई सालों में उन्हें कोई समस्या नहीं हुई।**

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908